CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 2 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 175 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केन्द्र सरकार मनरेगा को बहाल करे और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए: खड़गे पेज 2



17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर के पास खेल टाइम्स



शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में 90 प्रतिशत घटी जहाजों की आवाजाही पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं।

### बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया

**ढाका।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित बयान को लेकर बांग्लादेश ने कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को ढाका ने भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को विदेश मंत्रालय में तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर संयम बरतना जरूरी है और इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणियां दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं।

### मुंबई में 1745 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतर्राष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है।

### ई-कॉमर्स खाद्य नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए एक ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार महला के पर्यवेक्षण में की गई। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मियाद खत्म होने और खराब खाद्य उत्पादों की बिक्री के संबंध में कई उपभोक्ता शिकायतों के बाद उठाया गया।

# होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं: ईरान

■ कहा: 10 हजार भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता, चाबहार रेलवे लाइन का 90 प्रतिशत काम पूरा

**तेहरान/वाशिंगटन।** भारत में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है। एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार-जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है।

## ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

■ बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर, सेना ने ट्रम्प को प्लान बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है।

एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय कुछ नए और एडवांस हथियार इस्तेमाल करने पर भी विचार कर रहा है। इनमें 'डार्क ईगल' नाम की हाइपरसोनिक मिसाइल भी शामिल है। यह मिसाइल करीब 2,000 मील (करीब 3,200 किमी) दूर तक निशाना साध सकती है और ईरान के बचे हुए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को टारगेट कर सकती है। इसके अलावा, बी-1बी लांसर बॉम्बर विमानों की मौजूदगी भी इलाके में बढ़ाई जा रही है।

# चुनाव हुआ खत्म
# कमर्शियल सिलेंडर ₹ 993 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है।




होटलों और रेस्त्राओं में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक ही झटके में 993 रुपये की बढ़ोतरी एक रिकॉर्ड है। स्थानीय करों को मिलाकर दिल्ली में इसकी कीमत अब 2,078.50 रुपये से बढ़कर 3,071.50 रुपये हो गई है। गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम में यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले, एक अप्रैल को 195.50 रुपये, सात मार्च को 114.50 रुपये और एक मार्च को 28 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही, दो महीने में कीमतों में कुल 1,331 रुपये की वृद्धि हुई है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें सात मार्च को 11 महीने बाद 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। फिलहाल दिल्ली में इसकी

**होटलों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर की कीमत अब 2078.50 रुपये से बढ़कर 3071. 50 हुई**

कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है। ईरान पर फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है और कीमतें उछाल पर हैं। सरकार ने फिलहाल राजकोषीय समायोजन के जरिये डीजल और पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी वृद्धि सीमित रखी गई है।

### अब झेलो महंगाई की मार: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एक ही दिन में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिसे उन्होंने चुनावी बिल करार दिया।

# अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के भाषण हेट स्पीच नहीं: सुप्रीम कोर्ट

### दोनों भाजपा नेताओं को शीर्ष अदालत से मिली बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।



अदालत ने कहा कि हेट स्पीच संविधान की भाईचारे की भावना के खिलाफ है और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि मौजूदा कानून इस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त हैं और नए कानून बनाने की जरूरत नहीं है। मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में हुए एंटी-सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भाषणों से जुड़ा था। अनुराग ठाकुर ने जहां देश के गद्दारों को वाली बात कही थी, वहीं प्रवेश वर्मा ने चेतावनी दी थी कि अगर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका गया, तो वह आखिरकार घरों में घुसकर बलात्कार और हत्या करेंगे। जिसके बाद सीपीआई (एम) नेताओं बृंदा करात और के एम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 27 और 28 जनवरी 2020 को अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा ने भड़काऊ भाषण दिए थे। इसके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने अगस्त 2020 में इस शिकायत को खारिज कर दिया था। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 2022 में याचिका को खारिज कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें फर्जी दस्तावेज और मानहानि से जुड़े एक मामले में अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदूरकर की पीठ ने यह राहत कुछ शर्तों के साथ दी। अदालत ने कहा कि यदि खेड़ा की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत दी जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खेड़ा जब भी पुलिस बुलाए, उन्हें उपस्थित होना होगा और मामले से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही, बिना अदालत की अनुमति के वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के पहले के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसमें सभी तथ्यों का सही आकलन नहीं किया गया था और कुछ निष्कर्ष गलत प्रतीत होते हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिले की चंदौसी कोर्ट के आदेश की चुनौती याचिका पर फैसला सुनाते हुए नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने खुली अदालत में यह फैसला सुनाया है। याचिका खारिज होने के बाद अब राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज होगा और आपराधिक केस भी नहीं चलेगा। फिलहाल ऑर्डर अपलोड होने के बाद आगे की चीजें पता चलेंगी। याचिका पर बहस पूरी होने के बाद आठ अप्रैल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सात नवम्बर 2025 को संभल की चंदौसी कोर्ट द्वारा याची की राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी याचिका खारिज हुई थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले वर्ष कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ-साथ 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज्य) से लड़ने की बात कही थी।

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा का परिणाम जारी

■ 2856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 93,419 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 50,795 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 182 पदों के सापेक्ष प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 2,856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परिणाम पूर्णत: अस्थायी (प्रोविजनल) है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य परीक्षा के कार्यक्रम एवं उसके लिए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कट-ऑफ अंक अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

### भारत में चीनी दूतावास ने मानसरोवर यात्रा को शुरू करने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत में चीनी दूतावास ने वर्ष 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा को भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए फिर से शुरू करने का स्वागत किया है। दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। सुश्री जिंग ने अपनी पोस्ट में लिखा कि हमें इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए खुशी हो रही है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 650 से ज्यादा प्राचीन कलाकृतियां

## कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह से की गई बरामद

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका ने** भारत को करीब 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाते हुए कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है।

प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्करी गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है। यह 650 से अधिक वस्तुओं की वापसी से स्पष्ट होता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय, अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सतत सहयोग की सराहना भी की। गणेश प्रतिमा मप्र से लूटी: एक अन्य वस्तु नृत्य करते हुए गणेश की बलुआ पत्थर की प्रतिमा है, जिसे कपूर के सहयोगी रंजीत कंवर ने 2000 में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटा था। बुद्ध की 75 लाख डॉलर की मूर्ति: लाल बलुआ पत्थर की 'बुद्ध' प्रतिमा में बुद्ध अपना दाहिना हाथ अभय मुद्रा में उठाए खड़े हैं। इस प्रतिमा के घुटनों के नीचे के पैर टूटे हैं और सिर के पीछे का आभामंडल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। अमेरिका द्वारा लौटाई वस्तुओं में अवलोकितेश्वर की 20 लाख डॉलर की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है। शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने 2012 में सुभाष कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।



■ न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया

■ भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने अमेरिकी एजेंसियों को सराहा

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2,42,700 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सकल राजस्व संग्रह अप्रैल 2026 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल में घरेलू जीएसटी संग्रह 1,85,122 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर जीएसटी राजस्व 57,580 करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमश: 4.3 प्रतिशत और 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष के पहले महीने में जीएसटी के मद में सरकार ने 31,793 करोड़ रुपये का रिफंड भी दिया है जो सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार रिफंड घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2,10,909 करोड़ रुपये पर रहा। इसमें घरेलू संग्रह 0.3 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 1,65,126 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर 42.9 प्रतिशत बढ़कर 45,784 करोड़ रुपये हो गई।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई हज यात्रियों की आवाज

**लखनऊ।** मध्य पूर्व में चल रहे संकट के कारण विमानन टर्बाइन ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते भारत के हज तीर्थयात्रियों पर इस वर्ष आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसकी वजह से हज यात्रियों के हवाई किराए में वृद्धि कर दी गई है।अब इस मामले पर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हज यात्रा 2026 में हवाई किराए की अचानक वृद्धि से हज यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2026 के दौरान विमान ईंधन (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में वृद्धि के कारण हवाई किराए में प्रति हज यात्री 10,000 रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी गई है।

## शाह के लद्दाख दौरे पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर प्रतिक्रिया में कहा कि श्री शाह शुक्रवार को पिपरहवा के बौद्ध अवशेषों की ष्महिमाष में व्यस्त हैं, जबकि लद्दाख के लोगों की राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची का दर्जा और भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा जैसी अहम मांगों पर चुप्पी साधे हुए हैं। श्री रमेश ने कहा कि लद्दाख में इस तरह के धार्मिक और ऐतिहासिक प्रदर्शनों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिससे गृह मंत्री शायद अनभिज्ञ हैं। उन्होंने 14 जनवरी 1949 की एक ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि उस दिन भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र और महा मोग्गलान के पवित्र अवशेष, जिन्हें 1851 में विक्टोरिया और अलबर्ट संग्रहालय ले गए थे, उन्हें वापस भारत लाया गया था।

### मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री की फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी

# काम का दाम नहीं दिया, तो होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए, अन्यथा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'श्रमवीर गौरव कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने



**श्रमवीर गौरव कार्यक्रम में बोले सीएम पहले होता था श्रमिकों का शोषण, अब नहीं**

कहा कि पहले श्रमिकों का शोषण होता था, लेकिन अब सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में नोएडा में हुए श्रमिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनोरंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सरकार ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री के अनुसार अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी आज से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे करीब 80 लाख लोगों को हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

### यूपी में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में एक हजार विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था है। इन संस्थानों में केंद्रीय, नवोदय और सैनिक विद्यालयों के स्तर के शिक्षक नियुक्त किए गए हैं, ताकि श्रमिकों के बच्चे भी भविष्य में उच्च पदों तक पहुंच सकें।

# गंगा एक्सप्रेस-वे 15 दिन टोलमुक्त रहेगा

### आमजन को मुफ्त यात्रा का अवसर मिलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत आमजन उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे और आधुनिक एक्सप्रेसवे पर बिना किसी शुल्क के यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 15 दिनों तक टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अवधि में किसी भी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फैसला उस समय प्रभावी हुआ जब इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के तहत प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट निर्धारित हो गई। इसके साथ ही



**टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी**

एक्सप्रेसवे को आम जनता के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार घोषित कर दिया गया। करीब 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर टोल-मुक्त यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और सुविधाओं से परिचित कराना है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। यह डीबीएफओटी मॉडल पर विकसित किया गया है, जिसमें कन्सेशनैयर्स को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रशिक्षण कमान का दौरा किया

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी), शिमला के मुख्यालय का दौरा किया और राष्ट्र को सुरक्षित तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता तथा एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को जीओसी-इन-सी द्वारा एआरटीआरएसी के विकास, सैन्य कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर परिचालन दक्षता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा एआरटीआरएसी की प्रमुख पहलों



**प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर की चर्चा**

के बारे में जानकारी दी गई।

जीओसी-इन-सी ने ड्रोन प्रशिक्षण को बढ़ावा, विशेष प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उठाए गए कदम, 'रेड टीमिंग' की अवधारणा की शुरुआत व सेना में डिजिटलीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। युद्ध की अवधारणाओं , सेना के लिए संसाधन विकास तथा मित्र देशों और सहयोगी सेनाओं के साथ व्यापक सहभागिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# सत्य, अहिंसा व मानवता के मार्ग पर चलें

### बुद्ध पूर्णिमा पर बसपा मुखिया मायावती ने जारी किया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए गौतम बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता की ज्योति को पूरे विश्व में फैलाकर भगवान बुद्ध ने भारत को जगद्गुरु के रूप में प्रतिष्ठा और सम्मान दिलाया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके अनुयायियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी जाती है। साथ ही सभी के जीवन में सुख, शांति और सौहार्द बना रहे, ऐसी कामना की। मायावती ने कहा कि गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर लोगों के जीवन को सुखी



और समृद्ध बनाना ही सच्चा राजधर्म है। इसकी सफलता तभी संभव है जब सभी सरकारें अपनी कथनी और करनी में अंतर न रखें तथा जो कहें, वही करें और जो करें, वही कहें। तभी समाज को सही दिशा और प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारों को विशेष रूप से सभी धर्मों के मानने वाले लोगों के जान-माल और उनके मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यही तथागत गौतम बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सिलेंडर महंगे नहीं, रोटी की थाली महंगी: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रीपेड मीटर पर विरोध प्रदर्शन को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार बिजली को लेकर भ्रष्टाचार रैकेट चला रही है, जनता ने चोरी पकड़ ली है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रीपेड मीटर की आड़ में टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल करके जनता को लूट रही है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं, अगली बार ईवीएम तोड़ी जाएगी। इससे पहले लखनऊ में यादव ने कहा कि लोगों ने समय-समय पर जो ज्ञान दिया है, उसमें सबसे बड़ा योगदान भगवान बुद्ध का रहा है।

## आंधी-तूफान से नुकसान का 24 घंटे के अंदर मुआवजा पहुंचाएं अधिकारी: सीएम

**लखनऊ।** यूपी में भारी बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली ने पिछले दो दिनों में भारी तबाही मचाई है, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और 24 घंटे के भीतर मुआवजा व राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 16 पशुओं की भी मौत हो गई है. प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं भी दर्ज की गईं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार कई जिलों में खेतों में काम कर रहे किसान, खुले स्थानों पर मौजूद लोग और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को तुरंत बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए और सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। जनहानि, और घायलों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76913.50 | सोना | 148652 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23997.55 | चांदी | 236882 प्रति किलो |

# वित्तीय अपराधों के खिलाफ मजबूत ढाल है ईडी: चौधरी

नई दिल्ली, वार्ता

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

चौधरी ने शुक्रवार को यहां आयोजित 70वें प्रवर्तन दिवस समारोह में ईडी की भूमिका और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईडी देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ईडी को दी गई शक्तियां किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला, बेनामी संपत्ति, बैंक घोटाले और आतंकवाद की फंडिग जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अपराध देश और समाज के लिए कैंसर के समान हैं, जिनसे सख्ती से निपटना

**नागरिकों के हितों की रक्षा में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका: वित्त राज्य मंत्री**

आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ईडी ने लगभग 2.36 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं, जिनमें से करीब 63 हजार करोड़ रुपये वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने इसे एजेंसी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे बैंकों, निवेशकों और आम लोगों को सीधा लाभ मिला है। श्री चौधरी ने साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और क्रिप्टो करंसी से जुड़े अपराधों को नई चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ इन अपराधों में भी वृद्धि हुई है, जिनसे निपटने के लिए ईडी और अन्य एजेंसियां लगातार समन्वय के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने न्याय प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों को समय पर अदालतों में अभियोजन प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## यात्री वाहनों की बिक्री में अप्रैल में जारी रहा उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। यात्री वाहनों में कार, वैन और उपयोगी वाहन आते हैं। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है।

# मदरसा पाठ्यक्रम में सुधार की जरूरत आधुनिक शिक्षा समय की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया उत्तर प्रदेश, कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के जनरल सेक्रेटरी मौलाना दीवान साहब जमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था की है, लेकिन इसमें मदरसा शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया है, जबकि सरकार ने संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को इस योजना में शामिल किया है, ऐसे में मदरसा शिक्षकों को योजना से बाहर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है।



बैठक में मदरसा पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम में परिवर्तन आवश्यक है, जो समय और समाज की मांग भी है। इसके लिए जिला स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी और राज्य स्तर पर भी एक कमेटी बनाई जाएगी। इस पर मदरसा बोर्ड को निर्णय लेना चाहिए, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो संगठन स्वयं इस दिशा में पहल करेगा। मौलाना दीवान साहब ने मदरसों में लगातार हो रही जांच पर भी सवाल उठाए और कहा कि अनावश्यक जांच के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और मदरसा संचालकों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, इस पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए ऐसी जांचों पर रोक लगाने की बात कही है। उन्होंने कामिल और फाजिल डिग्री को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि अदालत ने इन डिग्रियों को असंवैधानिक नहीं बताया, बल्कि मदरसा बोर्ड के अधिकार क्षेत्र पर टिप्पणी की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# कमर्शियल एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर बिफरी सीपीआई

### सरकार की नीति ने देश को असुरक्षित छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्यसभा सांसद पी संदोष कुमार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है।

कुमार ने कहा कि यह बढ़ोतरी सरकार की असफल कूटनीतिक विदेश नीति का सीधा परिणाम है, जो वैश्विक ऊर्जा अस्थिरता के बीच भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईंधन की आपूर्ति और कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के बजाय सरकार की

**गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक**

नीतियों ने देश को असुरक्षित स्थिति में छोड़ दिया है। इसका सीधा असर अब रेस्टोरेंट, ढाबों, छोटे भोजनालयों, हॉस्टल, पीजी आवास और अन्य छोटे कारोबारों पर पड़ रहा है।

कुमार ने कहा कि इस बढ़ोतरी का तत्काल प्रभाव खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों और जीवनयापन के खर्च में वृद्धि के रूप में सामने आएगा, जिससे आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान के ठीक एक दिन बाद हुई यह बढ़ोतरी उनकी पार्टी की उस चेतावनी को सही साबित करती है, जिसमें कहा गया था कि चुनाव खत्म होते ही एलपीजी और अन्य ईंधन के दाम बढ़ाए जाएंगे। भाकपा के अनुसार, सरकार का ध्यान जनता के कल्याण पर नहीं, बल्कि चुनावी छवि पर केंद्रित है। पार्टी ने कहा, ष्जैसे ही मतदान समाप्त होता है, सरकार का असली चेहरा सामने आ जाता है और बोझ आम लोगों पर डाल दिया जाता है,ष श्री कुमार ने इस कदम को ष्शर्मनाकष बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि ऐसी जनविरोधी नीतियों का देशभर में विरोध किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत इस बढ़ोतरी को वापस ले और आम जनता को राहत प्रदान करे।

# मनरेगा की बहाली और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए केंद्र: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को फिर से शुरू करने और श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।

खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है। इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा 'हायर एंड फायर' जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों



**मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया, जिससे राज्य परेशानी में आ गए**

के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है। श्री खड़गे ने शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश तथा सरकारी रिक्त पदों को न भरने से रोजगार के अवसर घटे हैं। कांग्रेस ने कामगारों के हित में पांच प्रमुख मांगें दोहराईं। इनमें मनरेगा को पुनः लागू कर शहरी क्षेत्रों तक विस्तार करना, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करना, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार कानून लागू करना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना तथा रोजगार में ठेकेदारी व्यवस्था पर रोक लगाने के साथ नए श्रम कोड की समीक्षा करना शामिल है।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। श्री वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में करीब एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर उन करोड़ों लोगों पर पड़ेगा जो छोटे ढाबों और रेस्टोरेंट्स से भोजन पर निर्भर हैं। इसके साथ ही छोटे खाद्य व्यवसायों पर भी इसका अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की आम लोगों की परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता केवल चुनावी समय तक सीमित रहती है, जबकि चुनाव खत्म होने के बाद जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों से जारी ईरान युद्ध के चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव की आशंका थी, ऐसे में सरकार को पहले से ठोस योजना बनाकर राहत देनी चाहिए थी। लेकिन सरकार ने सीधे तौर पर कीमतों का बोझ जनता पर डाल दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर एलपीजी की कीमतों में राहत दे । गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है वहीं 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी शुक्रवार से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विपक्ष महिलाओं को आगे बढ़ने नहीं देना चाहता: डा. निषाद

**वाराणसी।** निषाद पार्टी प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री डा. संजय निषाद ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिलना चाहिए। देश की आजादी में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन विपक्ष आधी आबादी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहता। डा. निषाद ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही समाज के वंचित, पिछड़े और शोषित वर्गों को मुख्यधारा में लाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

### देशी तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**गोंडा।** जिले की नवाबगंज पुलिस ने देशी तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज उमेश सिंह बृहस्पतिवार को कोल्हमपुर बाजार के पास स्थित एक ढाबा में बैठे युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर की एक देशी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अपना नाम रोहित कुमार निवासी रामापुर चौकीदार पुरवा बताया। गिरफ्तार के खिलाफ शस्त्र व गोला-बारूद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### बुद्धपूर्णिमा पर सारनाथ में कई देशों से पहुंचे श्रद्धालु

**वाराणसी।** विश्व में जारी युद्ध और व्याप्त अशांति के बीच, धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारनाथ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शांति का पैगाम लिए भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेष के दर्शन-पूजन कर रहे हैं। भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली सारनाथ 'मूलगंध कुटी विहार' परिसर और मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। यहां फहरते पंचशील के झंडे विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वैशाख पूर्णिमा का दिन भगवान बुद्ध के जीवन के तीन महत्वपूर्ण पड़ावों से जुड़ा है। आज ही के दिन उनका जन्म हुआ था।

### एसडीएम ने गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**मीरगंज।** एसडीएम आलोक कुमार ने हल्दी खुर्द स्थित अस्थायी गो आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल में पांच गोवंश संरक्षित पाए गए और सभी पंजीकृत गोवंश मौके पर मौजूद मिले।यहां लगभग 50 कुंतल भूसा उपलब्ध मिला। केयर टेकर राज. कुमार और सलीम कुमार भी मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सफाई संतोषजनक पाई गई।एसडीएम ने सचिव और ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि गोवंश के लिए हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाई जाए, ताकि पशुओं को बेहतर पोषण मिल सके।

# श्रमिकों को शोषण से मुक्ति दिलाने का संकल्प लें: तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 1 मई ,मजदूर दिवस अथवा श्रमिक दिवस के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन कामगारों के संघर्ष, उनके अधिकारों के प्रति सजगता तथा उनके योगदान के लिए विशेष रूप से जाना जाता है।

कामगारों को काम के घंटे 8 करने की जीत के जश्न के रूप में भी श्रमिक दिवस मनाया जाता है। यह कहना है राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जे एन तिवारी का। तिवारी ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि आज ही के दिन यानी अर्थात 1 मई 1886 को अमेरिका में श्रमिकों ने काम के घंटे 8 करने के आंदोलन की सफलता अर्जित किया था, उसके जश्न के रूप में 1 मई को श्रमिक दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। श्रमिकों का सम्मान तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए भी श्रमिक दिवस का बहुत बड़ा महत्व है। वैश्विक स्तर पर 1 मई को भारत सहित विश्व के कई देशों में छुट्टी घोषित की जाती है ।आज के दिन श्रमिकों के सम्मान में रैलियां निकाली जाती हैं, गोष्ठी एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को याद कर उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प भी लिया जाता है। श्रमिकों की गरिमा को मान्यता देना तथा उनके शोषण के खिलाफ आवाज उठाना श्रमिक दिवस का मुख्य उद्देश्य है।

# श्रम दिवस पर पत्रकारों ने दिखाई ताकत

## न्यूनतम पेंशन बढ़ाने को लेकर केंद्रीय श्रम मंत्री से मिलेंगे उप्र के मंत्री अनिल राजभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के श्रम मंत्री अनिल राजभर 3 मई को केंद्रीय श्रम मंत्री डा. मनसुख मांडवीया से ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाए जाने के संबंध में बात करेंगे ।




यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा आयोजित मई दिवस कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि यूनियन द्वारा इस संबंध में उन्हें पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर बातचीत के लिए समय मांगा था। यूनियन की मांग है कि पीएफ की न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 5000 रुपए की जाए। यूनियन के प्रादे. शिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी द्वारा ज्ञापन में पत्रकारों को पेंशन ,पत्रकार सुरक्षा कानून, पीजीआई में सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा , प्राथमिकता पर भूखंडों का आवंटन , आर्थिक सहायता के लिए स्थाई व्यवस्था तथा ट्रेन किराए में छूट की व्यवस्था पुन: लागू करने की मांग की गई । विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि कलम के सामने चुनौतियां हैं लेकिन पत्रकारों को सच्चाई का पक्ष बहादुरी के साथ रखना चाहिए। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ी हैं । इस अवसर पर हिंद मजदूर महासभा के प्रदेश महामंत्री उमाशंकर मिश्र ने कहा कि पत्रकारों के वेज बोर्ड बनना बंद हो गए हैं। यूनियन के मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के संगठन तो बहुत बनते जा रहे हैं लेकिन उनके हित की कोई बात जमीनी स्तर पर नहीं कर रहा है। यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह ने कहा कि पत्रकारों के श्रम के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर अनिल त्रिपाठी ,राजीव बाजपेई ,सुमन गुप्ता, कला निधि मिश्रा, अनिल सैनी ,तमन्ना फरीदी , अजीत कुमार सिंह, मुकुल मिश्रा, महिमा तिवारी ,आदर्श प्रकाश सिंह, नासिर ,नायला किदवई ,रेनू निगम, गिरीश श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, आशीष सिंह ,त्रिलोक नाथ मिश्रा, शिव विजय सिंह ,नितिन श्रीवास्तव, आदित्य शुक्ला ,नजम एहसन, अब्दुल वाहिद ,जुबेर अहमद ,संजय सिंह ,राकेश शुक्ला ,अमित यादव, राजेश शुक्ला, विजय मिश्रा ,अमरेंद्र सिंह ,हरिराम अरोड़ा ,सूर्य नारायण सिंह ,रामचंद्र वर्मा हुजैफा अबरार, सौरभ निगम एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रेमकांत तिवारी ने किया।

# निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मई दिवस के अवसर पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आ]वान पर प्रदेश भर के बिजली कर्मियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रस्तावित निजीकरण के विरुद्ध किसी भी प्रकार का बलिदान देने का दृढ़ संकल्प लिया।



संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और जनजीवन से जुड़े क्षेत्र का निजीकरण न केवल लाखों उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और सस्ती व विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने की अवधारणा को भी कमजोर करेगा। निजीकरण के परिणामस्वरूप बिजली दरों में वृद्धि, सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट तथा कर्मचारियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।मई दिवस, जो श्रमिक एकता, अधिकारों और संघर्ष का प्रतीक है, के अवसर पर बिजली कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे प्रदेश के व्यापक जनहित में निजीकरण की इस नीति का हर स्तर पर विरोध करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। मई दिवस पर सभी बिजली कर्मियों ने एकजुटता, संघर्ष और जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को मजबूत और जनहितकारी बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### फतेहपुर में डंपर ने तीन युवकों को कुचला ,दो की मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में फतेहपुर-बांदा मार्ग पर स्थित मार्क पुल पर गुरुवार देर रात डंपर से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने मारका पल पर जाम लगा दिया है। सीओ सहित भारी फोर्स लगा दी गई है। 10 घंटे से चक्का जाम होने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन दोस्त शिवम सनी और बसंता एक ही बाइक से सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे कि अवैध बालू खनन में लगी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दो युवकों की मौके पर मौत हो गई ।

# कई क्रांतियों के बाद मजदूर की ड्यूटी और घंटे निर्धारित हुए

**लखनऊ।** मजदूर नेता व प्रदेश महामंत्री यशवंत सिंह ने मजदूर दिवस पर साथ आने और एक रहने में ताकत का एहसास कराते हुए कहा कि 1 मई मजदूर दिवस आप सभी जानते है 1 मई को शिकागो में काम के घंटे निर्धारित नहीं थे के विरुद्ध मजदूरों से बड़ी रेली की जिसमें पुलिस से बड़ी झड़प हुई गोलियां, बंम का प्रयोग हुआ तमाम मजदूर मारे गए।



सैकड़ों घायल हुए उसी क्रांति के बाद मजदूरों के काम के घंटे एक डड्टी आठ घंटे की निर्धारित हुई।उन्होंने कहा कि यह इतिहास है लेकिन अब मजदूर कोई अपने आप को कहता नहीं यह आदत स्वयं और सरकारों ने डाली। अब कोई मजदूर नहीं है अब केवल कर्मचारी है जैसे नियमित, संविदा, आउट सोर्स है वह भी एजेंसियों के बंधुआ मजदूर के नाम के युग बदलने के साथ समय का चक्र फिर हमको वही ले आया है, क्योंकि नाम ही मनुष्य का सबसे प्रभावी होता है।। नाम ही नहीं रहा तो अब वह ना तो मजदूर नेता रहे न मजदूर रहे और न ही अब कोई क्रांति भी आने वाली है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**अमेठी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भादर ब्लॉक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया,शोभायात्रा कल्याणपुर बाजार से वैधिकपुर आंबेडकर पार्क से होते हुए भेंटुआ ब्लाक के हारीपुर बाजार होते अंबेडकर पार्क पहुंची जहां लोगों ने भगवान बुद्ध व अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्पांज. लि कर नमन किया सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों को अपनाने का आ]वान किया,भगवान बुद्ध का शांति, करुणा और समानता का संदेश आज के समय में और भी



प्रासंगिक है, श्री यादव ने कहा कि ष्तथागत बुद्ध ने पंचशील के माध्यम से समाज को अहिंसा, सत्य और भाईचारे का मार्ग दिखाया। भाजपा सरकार की नीतियां समाज में भेदभाव बढ़ा रही हैं। सपा बुद्ध के बताए रास्ते पर चलकर च्व। यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समाज को जोड़ने का काम कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक फूलचंद बौद्ध, बृजेश यादव ,वेद प्रकाश बौद्ध ने संबोधित किया, इस मौके पर सूरज बौद्ध,आशीष कुमार, विकास,कृष्णा यादव , चौधरी सौरभ,मो.शाहिद सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व लोग लोग मौजूद रहे।

# शिवम अवस्थी देश के टॉपर्स में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शिवम अवस्थी, जो फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के छात्र हैं, ने ICSE कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में 500 में से 499 अंक द्ध99.8:ऋ हासिल कर देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त किया है।

लखनऊ के निवासी शिवम, लखनऊ पब्लिक कालेज, राजा. जीपुरम के छात्र हैं। पूरे वर्ष उन्होंने एकाग्रता के साथ पढ़ाई करते हुए स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ नियमित रिवीजन और अभ्यास के माध्यम से सभी विषयों में मजबूत अवधारणात्मक समझ विकसित की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और




माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया। स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ शिवम ने फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से भी तैयारी की, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण अवधारणाओं को बेहतर समझने और लगातार अभ्यास के जरिए परीक्षा की तैयारी मजबूत करने में मदद मिली। मेरे माता-पिता और स्कूल के शिक्षक हर समय मेरे साथ खड़े रहे। स्कूल की पढ़ाई के साथ च्ँ व्दसपदम के लेक्चर्स ने मुझे विषयों को सरल और इंटरैक्टिव तरीके से समझने में मदद की। शिक्षकों ने विषयों को स्पष्ट और सहज तरीके से समझाया, और नियमित अभ्यास व डाउट-साल्विंग से मैं लगातार बेहतर होता गया। अब मैं श्रम्म परीक्षा पास कर शोध के क्षेत्र में जाना चाहता हूं।ह्व शिवम की यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और मजबूत समर्थन प्रणाली के महत्व को दर्शाती है, जो देशभर के छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करती है।

# मजदूरों को घर बैठे मिलेगा योजनाओं का लाभ: सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इफको फूलपुर परिसर में मजदूरों के हितलाभ वितरण को ध्यान में रखते हुए आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने कहा कि श्रमिक हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश और केन्द्र सरकार ने कई योजनाओं को एक साथ संचालित किया है। इन योजनाओं का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को सरकारी



कार्यालयों का चक्कर काटने के लिए व्यर्थ ही परेशान न होना पडे, इसके लिए सभी को एक साथ आनलाइन कर दिया गया है। ताकि उसे योजनाओं का लाभ घर बैठे ही मिल सके। प्रतिभागी श्रमिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का संचालन सरकार ने किया है, उसका पूरा लाभ उठाने का प्रयास सक्रियता के साथ उन्हें करना होगा। योजनाओं का संपूर्ण विवरण और आवेदन आनलाइन उपलब्ध है। ऐसे में बिना देरी किये ही उन्हें आवेदन करके हितलाभ का फायदा उठाना चाहिए। ताकि उनकी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण समय रहते हो सके। उप जिलाधिकारी फूलपुर, इफकों प्रबंधन के अधिकारी, श्रमिक यूनियनों के पदाधिकारी नेता आदि उपस्थित रहे।

### श्रमिक दिवस पर मजदूरों को बांटा गमछा




**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद के अध्यक्ष रोटेरियन राजीव रंजन अग्रवाल ने क्लब के सदस्यों के साथ विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर लगभग 350 गमछे और 250 रोटरी लोगो वाले छाते श्रमिकों को वितरित किए। गर्मी के चरम को ध्यान में रखते हुए उनकी सेहत का ध्यान रखा गया। इस अवसर पर सचिव विभु अग्रवाल, सुनील जायसवाल, अजय अग्रवाल, आलोषी अग्रवाल और अक्षत अग्रवाल उपस्थित रहे।

# लापता युवतियों के मामले में चार लोगों पर अपहरण के आरोप में केस दर्ज

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन को बिहार के बेगूसराय जनपद के फुलवरिया थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा टोला निवासी सोनू शर्मा शादी की नीयत से अगवा कर लिया है।आरोप है कि इस घटना में उसके पिता संतोष शर्मा और मां मिठ्ठुल देवी ने भी सहयोग किया है। आरोपी उसका रिस्तेदार है।वहीं दूसरी घटना में एक युवक ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बहन कस्बे के इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा है। वह बुधवार की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जानकारी मिली कि गांव के ही शिवा नामक युवक ने उसे अगवा कर लिया है।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में परिजनों की तहरीर के आधार पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

### एमबीए छात्र ने यमुना में कूद कर दी जान

**प्रयागराज।** जिले के कीडगंज क्षेत्र में नए यमुना पुल से बृहस्पतिवार देर शाम एक एमबीए छात्र ने यमुना नदी में छलांग लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस और जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और करीब साढ़े छह घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद देर रात में शव बरामद किया गया। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय अंश प्रताप सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के मानधाता के गाजीपुर गांव का रहने वाला था। उसके पिता विजय सिंह सीआरपीएफ में जवान हैं और वर्तमान में परिवार के साथ प्रयागराज के फाफामऊ के शांतिपुरम इलाके में रहते हैं।

# श्रमिकों के बलिदानों को याद किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक रामराज दुबे प्रदेश अध्यक्ष की व्यवस्था में मई दिवस के अवसर पर प्रदेश व देश के कर्मचारियों को बधाई दी गयी और उनके बलिदानों एवं संघर्षों को याद किया गया।

इसी अवसर पर देश के और प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय महासचिव सुरेश सिंह यादव ने विभिन्न मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। समस्त राज्य के विभागों में सरकार द्वारा स्वीकृत पदों पर स्थायी भर्ती की जाये। ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाये एवं यदि आउटसोर्सिंग पर सरकार रखना चाहती है तो विभागों द्वारा कर्मी के खाते में भुगतान होना चाहिये। बिचौलियों के माध्यम से विभागीय भर्ती में सरकार द्वारा स्वीकृत देय राशि में बंदरबांट हो जाती है। कर्मी को मेहनत के अनुरुप भुगतान नहीं होता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियमावली में 14वां



द्धचौदहवांत्र संसोधन किया गया है कि अगर चतुर्थ श्रेणी कर्मी न हो तो मृतक आश्रित में उसका परिवारजन भी चतुर्थ श्रेणी में ही समायोजित होगा अगर वह ग्रेजुएट है। पेंशन ने मिलने के कारण कर्मचारियों को समाजिक -पारिवारिक- आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, जिससे बुढ़ापे में सरकारी कर्मचारियों की दयनीय स्थिति से गुजरना पड़ता है। इस अवसर पर महेन्द्र पाण्डेय, संरक्षक, मान सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष, भारत सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष, राम गोपाल गौतम, उपाध्यक्ष, नौरिष पाल, सुरेश सिंह यादव, महामंत्री, शैलेन्द्र शुक्ला, प्रान्तीय मंत्री, वशिष्ठ तिवारी, प्रान्तीय मंत्री, शेख निसार अहमद, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, मायादेवी, ओम प्रकाश, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, अमित शर्मा, प्रान्तीय मंत्री, गिरिजा शंकर, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, अवनीश कुमार राना, प्रान्तीय मंत्री, रामपाल यादव, प्रान्तीय मंत्री, त्रिलोकी यादव, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, अमित पाण्डेय, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, भाई लाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, राजेश मिश्रा, प्रान्तीय मंत्री, अजीत कुमार यादव, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, हुसैन अब्बास, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, राम बदल दुबे, कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार, सम्प्रेक्षक, पप्पू कश्यप, प्रान्तीय प्रचार मंत्री, प्रा0 उपाध्यक्ष, वीर बहादुर, प्रान्तीय मंत्री, राम नगीना, उपाध्यक्ष आदि कर्मचारी नेता उपास्थित रहे तथा ज्ञापन सौंपा गया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## गंगा धम तिगरी व ब्रजघाट में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट एवं तिगरी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस और गोताखोर भी तैनात रहे।

शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरूवार की शाम से ही ब्रजघाट पहुंचना शुरू कर दिया। यहां पर शहरी क्षेत्र के स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के साथ ही मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ तक श्रद्धालु पहुंचे। शुक्रवार की सुबह भोर से ही गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने स्नान प्रारंभ कर दिया था। सूर्य को अर्ध्य प्रदान करके घर परिवार की सुख-स्मृद्धि की प्रार्थना की। स्नान के बाद घाटों पर बैठे पुरोहितों से भगवान सत्य नारायण की कथा सुनी। हवन यज्ञ व पितरों की शान्ति के लिये धाार्मिक अनुष्ठान कराये, साथ ही गरीब असहाय लोगों को वस्त्र, भोजन, धन का दान किया। स्नान और पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट पर स्थित अमृत परिसर मंदिर, अवंतिका देवी मंदिर, वेदांत मंदिर, हनुमान मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, राम मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर मनोकामना मांगी। उधर ब्लॉक के गांव तिगरी में भी स्थानीय श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और विधि विधान के साथ हवन, यज्ञ कराके मां गंगा से अपने व अपने परिवार की उन्नति की प्रार्थना की। बता दें कि बुद्ध पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। इस दिन निराश्रितों को दान देने से कई गुना प्रतिफल प्राप्त होता है। तिगरी निवासी पंडित गंगाशरण शर्मा के मुताबिक वैशाख माह की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस पूर्णिमा पर गंगा में स्नान करने और पुरोहितों और जरूरतमंदों को दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। वहीं दोनों स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही।



गजरौला। बुद्ध पूर्णिमा पर ब्रजघाट स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

# अवारा कुत्तों के हमले में सांभर की मौत

## ग्रामीणों में दहशत, कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नौगावां सादात। क्षेत्र के गांव चमरौवा में आवारा कुत्तों के हमले में एक सांभर की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

घटना गांव निवासी जितेंद्र सिंह के खेत पर हुई। आवारा कुत्तों के झुंड ने सांभर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सांभर ने कुत्तों से बचने की कोशिश की, लेकिन वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल सांभर को उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार, ये आवारा कुत्ते आए दिन जानवरों और लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। वन विभाग के दरोगा केपी सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। सांभर को उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने दम तोड़ दिया।

# स्कूली वाहनों को कमर्शियल श्रेणी से अलग करने की मांग

## शिक्षक विधायक डा. ढिल्लो ने परिवहन मंत्री से की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शिक्षण संस्थानों के वाहनों पर लागू कमर्शियल नियमों को हटाने की मांग को लेकर एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की।

शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया। डॉ. ढिल्लो ने मांग की कि शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों को कमर्शियल श्रेणी से अलग रखा जाए और रजिस्ट्रेशन व परमिट प्रक्रियाओं में राहत दी जाए। साथ ही टोल प्लाजा के आसपास संचालित स्कूल वाहनों को टोल टैक्स से भी छूट देने की व्यवस्था की जाए, ताकि छात्रों के हितों की रक्षा हो सके। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, उमेश द्विवेदी मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरु भी मौजूद रहे।



# सड़क पार करते बुजुर्ग की हादसे में मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में 84 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को 84 वर्षीय बुजुर्ग भगवान दास शर्मा गांव मंगरौला सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



## एक नजर

### गैए एजेंसी की मनमानी पर रोक लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** बछरायूं में केवाईसी और बुकिंग व्यवस्था को लेकर लोगों को हो रही परेशानी पर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। बछरायूं निवासी हनीफ अंसारी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक चक्कर लगवाए जा रहे हैं। साथ ही बताया कि बछरायूं को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बावजूद गैस बुकिंग ग्रामीण श्रेणी के तहत 45 दिन में हो रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि 25 दिन है। उन्होंने बछरायूं को शहरी सुविधा के तहत गैस बुकिंग की सुविधा दिलाने की मांग की है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत के लिए जरूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तीकरण और विकसित भारत की दिशा में अहम कदम बताया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत के लिए जरूरी या नहीं" विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे ने जागरूकता अभियान चलाने की बात कही, जबकि अन्य वक्ताओं ने भी अधिनियम को लागू कराने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### प्रदेशाध्यक्ष बनने पर यासिर अंसारी का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** पैगाम-ए-अमन कमेटी ने मोमिन अंसार सभा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष यासिर अंसारी को सम्मानित किया गया पैगाम-ए-अमन कमेटी के तत्वावधान में सराय कोहना स्थित आवास पर सभासद यासिर अंसारी एडवोकेट के ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी हाजी सैयद महबूब हुसैन जैदी ने की, जबकि संचालन हाजी खुरशीद अनवर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि यासिर अंसारी एक ऊर्जावान और काबिल नेतृत्व हैं, जिनके नेतृत्व में पसमांदा समाज के शैक्षिक और आर्थिक उत्थान को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर महबूब हुसैन जैदी, हाजी खुरशीद अनवर, अब्दुल कय्यूम राइनी, सरताज आलम, इकराम हुसैन जैदी, अली इमाम रिजवी एडवोकेट सहित कई लोग मौजूद रहे।

### लोकसभा अध्यक्ष से किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (बीआर अंबेडकर) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हाइवे स्थित एक होटल में रुके लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की और किसानों की समस्या से रूबरू कराया। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष निजी यात्रा पर जाते समय शुक्रवार को हाइवे स्थित एक होटल में रुके थे। उनके गजरौला में रुके होने की जानकारी मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (बीआर अंबेडकर) के पदाधिकारियों ने दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में उनसे भेंट की और उन्हें रूबरू कराया कि हसनपुर विधानसभा के मंगरोला, रुस्तमपुर, गंगाटकोला, दौलतपुर सहित कई गांवों की भूमि का अधिग्रहण बहुत ही कम दरों पर किया जा रहा है।

### युवक पर तेंदुए का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नाववाला मुकारमपुर में शनिवार सुबह खेत पर काम कर रहे एक युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गांव निवासी अमित कुमार पुत्र ओमपाल सिंह शनिवार सुबह गन्ने के खेत के पास काम कर रहे थे। इसी दौरान खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। अमित के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। ग्रामीणों ने घायल अमित को सीएचसी धनौरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनोज चौधरी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाया जा रहा है और टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# बुद्ध का मार्ग अपनाकर उत्कृष्ट हो जाता है जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के हाइवे पर बुद्ध नगर स्थित बोधिसत्व बुद्ध विहार में अनुनायियों ने तथागत बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके सत्य, अहिंसा, करुणा के रास्ते चल कर महात्मा बुद्ध के संदेशों के अनुरूप देश व दुनिया में शांति स्थापित करने का संकल्प किया गया।

■ **बोधिसत्व बुद्ध विहार में धूमधाम से मनी बुद्ध जयंती**



रेडियो मैन राम सिंह बौद्ध ने तथागत बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं के उद्देश्यों को समझाया। कहा कि भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग अपनाने से मानव का जीवन उत्कृष्ट हो जाता है। बुद्ध का धम्म मानव के प्रति करूणा, दया, मैत्री का भाव सिखाता है। बुद्ध के नीतियों से ही भारत विश्वगुरू बन सकता है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भगवान बुद्ध के संदेशों की सार्थकता पर प्रकाश डाला। कहा कि, बुद्ध का धम्म वैज्ञानिक धम्म है। इसका प्रमाण यह है कि बुद्ध का धम्म केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेकों देशों में अपनाया गया है। इस मौके पर संस्था प्रबंधक रविराज सिंह, आंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद मौर्य, रेंजर करन सिंह, पूर्व जिंप सदस्य महेश प्रधान, देवेंद्र सिंह, प्रो ओमकार सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, करनपाल सिंह, रोहित सागर, शेर सिंह बौद्ध, प्रीतम सिंह, यतीश कुमार मौजूद रहे। अंत में भंडारा आयोजित करके प्रसाद वितरित किया गया।

# शिक्षा के माध्यम से ही सफल हो सकता है व्यक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के सेंट सैंफ पब्लिक इण्टर कॉलेज में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पीलीभीत के जनपद न्यायाधीश रामकुशल वर्मा ने कहा कि, शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मानव सफल हो सकता है। इसीलिए लगन और निष्ठा के पढ़ाई करें।

■ **सेंट सैफ पब्लिक इण्टर कॉलेज में परीक्षाफल वितरण**




शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश ने कक्षा 12 में प्रथम रहीं जैनुल, द्वितीय अंकित व तृतीय फिजा सैफी और कक्षा 10 में प्रथम रहीं निदा सैफी, द्वितीय आकांक्षा, तृतीय रहे सौरभ और सना सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया। कहा कि जिन बच्चों के अंक कम हैं, वे भी हताश न हों, क्यूंकि सफलता के लिए परिश्रम जरूरी है। अपनी कमियों को रेखांकित करके दूर करें और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रयत्न करें। विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय के अधिवक्ता इजहार अशरफ ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संरक्षक इमरान खान, निदेशक डा.अमन नवाज, प्रबंधक इकबाल अहमद, प्रधानाचार्य नीरज चौहान, एकेडमी प्रधानाचार्या संध्या सैनी, सभासद रानी, फुरकान अली, कमल सिंह, तालिब खान, गोपेश अग्रवाल, बबलेश कुमार, राजपाल सिंह, सुधीर चौहान, विजय सिंह, जगवीर सिंह, सलीम अहमद, हैदर अली, मधु शर्मा, रंजना वर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नहर में कूदा कक्षा छह का छात्र, तलाश जारी

## मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव मिलक अख्तियारपुर में शुक्रवार को 12 वर्षीय मासूम छात्र के नहर में कूद जाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस, अग्निशमन विभाग और स्थानीय गोताखोर देर शाम तक छात्र की तलाश में जुटे रहे।



डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मुबा. रकपुर नूरी निवासी रवि कुमार का 12 वर्षीय पुत्र आर्यंस मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मिलक अख्तियारपुर में अपने मामा आकाश के यहां रहकर पढ़ाई करता था। वह पास के गांव हैवतपुर स्थित एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर आर्यंस अपनी नानी के साथ खेत पर गया था। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रही रामगंगा पोषक नहर में उसने अचानक छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना पर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में छात्र की तलाश शुरू कराई गई। देर शाम तक तलाश अभियान जारी रहा, लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं लग सका था।

# गौतम बुद्ध के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचायें

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि गौतम बुद्ध ने पूरी दुनिया को शांति व प्रेम का मार्ग दिखाया। हमें उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारना चाहए।

बाईपास स्थित मैरिज हॉल में गौतम बुद्ध जयंती के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वाधान मे आयोनित गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य महात्मा बुद्ध के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाना और समाज के प्रबुद्ध वर्गों के बीच उनके दर्शन पर चर्चा करना था। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि गौतम बुद्ध ने पूरी दुनिया को शांति और प्रेम का मार्ग दिखाया। हमें उनके बताए गए सिद्धांतों को मात्र सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिये। अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व संचालन रामवीर सिंह ने किया। महिपाल सिंह, विपिन सागर एवं चंद्रपाल सैनी ने संयुक्त रूप से भगवान बुद्ध के दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अप्प दीपो भव (अपना दीपक स्वयं बनो) के सूत्र को आत्मसात करने पर जोर दिया। इसके डॉ. नरेश कुमार, चन्द्रपाल खड़गवंशी, इक्तेदार उल्ला खां, मुदित गुर्जर,आरिफ गाजी, कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, दिनेश गौतम,अध्यक्ष अरविंद अन्ना (पूर्व सभासद), महामंत्री अंकुर सेठी, कोषाध्यक्ष करणवीर सिंह , कार्यक्रम में ठंडे शरबत की व्यवस्था की गई। साथ ही प्रसाद के रूप में कढ़ी-चावल का वितरण किया गया।



### गौतम बुद्ध जयंती पर महापुरूषों को किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अमरोहा मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले महासभा, समता सैनिक दल और भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में गौतम बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में चक्रवर्ती सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती भी सामूहिक रूप से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और भाईचारे की स्थापना संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चंद्रपाल सैनी, आलोक भारती, कृपाल सैनी, नरदेव सैनी, डॉ. इस्माइल सैफी, रश्मि एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# गिरवी रखे जेवर लौटाने से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर रझेड़ा निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गिरवी रखे सोने-चांदी के जेवर वापस न करने, अतिरिक्त रकम मांगने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम शाहपुर रझेड़ा निवासी जयवीर पुत्र कलवा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 11 माह पूर्व उसने अपनी पत्नी के पांच सोने-चांदी के आभूषण गांव के ही युवक दीपांशु के पास गिरवी रखे थे। इसके बदले उसने 21 हजार 500 रुपये उधार लिए थे। पीड़ित के अनुसार, 28 अप्रैल 2026 को उसने ब्याज समेत पूरी रकम आरोपी को लौटा दी। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी दीपांशु ने जेवर लौटाने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, अब वह जेवर वापस करने के बदले और अधिक रुपये मांग रहा है। विरोध करने पर आरोपी द्वारा धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के कस्बा बछरायूँ में कब्रिस्तान की सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मोहल्ला शेखजादगान के लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए गाटा संख्या 412, 414 और 415 की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूमि पर बजरी, ईंट, कूड़ा और लकड़ियां डाली हुई मिलीं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इन्हीं सामग्रियों के जरिए भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# श्रमिकों की जंग लड़ेगा रालोद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मजदूर दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने बैठक की अध्यक्षता की।कार्यक्रम में प्रदेश एवं जनपद स्तर के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।बैठक के दौरान श्रमिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, विशेषकर बाल श्रम उन्मूलन, न्यूनतम मजदूरी के



प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके सम्मानजनक जीवन स्तर को सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर इन मुद्दों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यक होने पर संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय लोक दल उनके सिद्धांतों और विचारों को आगे बढ़ाते हुए किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई निरंतर लड़ता रहेगा। अंत में श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष महेश पाल धनगर ने सभी उपस्थित अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, राघवेन्द्र प्रताप यादव, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, श्रम प्रकोष्ठ के रमेश कश्यप, आशाराम राज, प्रबोध तिवारी, शिवकुमार, हरीश, सोनवीर, मुलायम सिंह धरमपुरिया, सुमन देवी, आशा चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

# मालगाड़ी के अलग डिब्बों को जोड़कर किया गया रवाना

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज में अयोध्या -मनकापुर रेल मार्ग पर शुक्रवार सुबह डाउन नौतनवा मालगाड़ी के 10 डिब्बे अचानक इंजन से अलग हो गए। करीब 18 मिनट की मशक्कत के बाद डिब्बों को दोबारा जोड़कर ट्रेन को मनकापुर की ओर रवाना किया गया।

टिकरी रेलवे क्रासिंग संख्या 12सी पार करते ही मालगाड़ी के 10 डिब्बे इंजन से अलग हो गए। इंजन डिब्बों को छोड़कर करीब 100 मीटर आगे जाकर रुक गया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन की महिला गार्ड ज्योति ने लोको पायलट को सूचना दी, जिस पर इमरजेंसी ब्रेक लगाया गया।इसके बाद गार्ड की निगरानी में अलग हुए डिब्बों को जोड़ने का काम शुरू किया गया। करीब 18 मिनट तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही, जिसके चलते आसपास के लोगो की भीड़ भी मौके पर जुट गई।कटरा आरपीएफ चौकी इंचार्ज एस.पी. चौबे ने बताया कि मालगाड़ी में आयरन राड लदा था और मनकापुर की ओर जा रही थी। रेलवे क्रासिंग पार करते समय प्रेशर पाइप अलग हो जाने के कारण डिब्बे इंजन से अलग हो गए।उन्होंने बताया कि घटना की विभागीय जांच कराई जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** दिवना रोड पर सिंगरा स्थित महेश गंगवार के भट्टे के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दिवना की ओर से आ रहे एक ऑटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार के पैर में तीन जगह फ्रैक्चर हो गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।108 एंबुलेंस के ईएमटी अनुपम पाल ने बताया कि घायल रूपेंद्र पुत्र बाबूराम निवासी गहवरा अपनी रिश्तेदार को छोड़कर वापस घर लौट रहा था, तभी भट्टे के पास ऑटो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### नेशनल हाइवे पर डिवाइडर से बाइक टकराई, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नेशनल हाइवे के बल्लियां ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को एंबुलेंस के द्वारा बरेली निजी अस्पताल भेज भेज दिया।जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक रामपुर की कोतवाली मिलक निवासी रामजी सक्सेना और उनके दोस्त शांता लाल एक बाइक के द्वारा किसी काम से बरेली जा रहे थे।धनेटा से आगे बल्लियां ओवर ब्रिज पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।हादसे में दोनो लोग गंभीर घायल हो गए।बाइक रामजी सक्सेना चला रहे थे।गनीमत रही हेलमेट लगाए हुए थे।जिससे सिर में चोट नहीं लगने के कारण वह बच गए।लेकिन पीछे बैठे शांता लाल का सिर फटने से बह गंभीर हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को एंबुलेंस के से बरेली निजी अस्पताल भेज दिया है।

### रोहिलखंड व्यापार मंडल में महिला मोर्चा का गठन, सशक्तिकरण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रोहिलखंड उद्योग व्यापार मंडल के महिला मोर्चा की जिला और महानगर इकाइयों की औपचारिक घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. विकास वर्मा ने नव-मनोनित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह महिलाएं घरों का संचालन कुशलता से करती हैं, उसी प्रकार वे हर क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने व्यापार मंडल के सदस्यों से अपील की कि वे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें।

प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा ने कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी भागीदारी की सराहना की। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश सक्सेना, महानगर अध्यक्ष मनोज कपूर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। महिला मोर्चा की जिला व महानगर इकाइयों में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिनमें मंगलेश सक्सेना, कोमल रस्तोगी, डोली शर्मा और अन्य सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज से सोनभद्र तक बनेगा विंध्य एक्सप्रेसवे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गंगा एक्सप्रेसवे के बाद प्रयागराज वासियों को अब विंध्य एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने जा रहा है जो उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा। इस पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।

विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए जिन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है उनमें सोरांव तहसील का गांव जुड़ापुर दांदू भी शामिल हैं और इसी गांव में गंगा एक्सप्रेसवे का अंतिम छोर है जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई से किया। प्रयागराज से सोनभद्र तक तकरीबन 330 किमी लंबा प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा। सोनभद्र से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा जुड़ी है। ऐसे में दिल्ली व पश्चिमी यूपी की ओर से गंगा एक्सप्रेसवे आने वाले लोगों को सोरांव के जुड़ापुर दांदू में विंध्य एक्सप्रेसवे का लिंक मिल जाएगा। इससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी।

साथ ही व्यापार व पर्यटन की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। यह एक्सप्रेस प्रयागराज में सोरांव, फूलपुर, हंडिया तहसील के रास्ते होते हुए मिर्जापुर और सोनभद्र तक जाएगा। एक्सप्रेसवे के लिए तीन तहसीलों के जिन 84 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उनमें तहसील सोरांव के 29,



■ उप्र को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा, जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद

फूलपुर के 24 और तहसील हंडिया के 31 गांव हैं। जिला प्रशासन की ओर से इन गांवों की सूची तैयार की जा चुकी है। खमकरनपुर, सरांय अर्जुन उर्फ हरिमडिला, गोपालपुर, बारी, शाहवपुर, जुड़ापुर दांदू, नारायनपुर, अलीपुर, सरांय लाल खातून उर्फ शिवगढ़, मलाक चतुरी, सराय भोगी, कल्याणपुर उर्फ जंगलपुर, सरांय वसिंह उर्फ सरांय बाहर, गोहरी, वजीराबाद, चक झांखर राम, उदयचंद्रपुर, मटियारा, बिगहरिया, टिकरी तालुके पंड़िला, मरियमपुर, तिल्हापुर उर्फ नाहरपुर, बनकेसर, बभनपुर डेरागदाई, ताजउद्दीनपुर, बड़नपुर, थरवई, निंदूरा, डेरागदाई, तहसील फूलपुर के लखरांवा, कुसुंगुर, मलाका मय भैसाही, पुरुषोत्तमपर उर्फ गारापुर, बेरुई, देवरिया, मथुरा उर्फ पानडीह, शुकुलपुर, सोपरावारी, बेलवा, दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर, जगदेवपुर उर्फ बरेठी, उमरी मय टटिहरा, रूदापुर, चिलौड़ी, मंसी खुर्द, पाली, आटा, कनौजा खुर्द, कनौजा कला, बीरकाजी, चक अबूसईद उर्फ पूरे मियां, चक मोहम्मद उर्फ पूरे सूदी, रामपुर मय केशवराय मनिकापुर तथा हंडिया तहसील के हेबतपुर, सराय मांद, अजेहरा, डुढ्आ, रामपुर, गुलचपा, देवली, बरियारी, दलपतपुर, जनुवाडीह कला, गुरगो, प्रतापपुर कलां, हिरामनपुर, मोइनउद्दीनपुर, शहाबपुर, सराय ममरेज, काजीपुर साथर, भदारी, सैदहासाथर, मडियारवारी, वारी, मड़वा, मडियारी ता. छनौता, पुरेमिश्र, भोजराजा, नीबीवारी, बसेगित, देवबरा, पुरसतभामा, महाराजपुर के गांवों की जमीन लिये जाने की तैयारी है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में शामिल होंगे डीएम-एसएसपी, तैयारी में जुटा प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आज आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी और कप्तान भाग लेंगे। आयोजन की तैयारी में तहसील प्रशासन जी जान से जुटा है। दूसरी ओर डीएम और एसएसपी के शामिल होने पर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

माह के पहले और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस से जहां फरियादियों का मन खराब हो गया है, तो वहीं डीएम की अध्यक्षता में होने वाले आयोजन से फरियादियों को आस लगी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी और कप्तान के आयोजन में भाग लेने की खबर से फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

### स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा को दुराचार का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग छात्रा नगर स्थित एक विद्यालय में कक्षा 6 में पढ़ती है। गुरुवार वह अपने विद्यालय से अपने घर लौट रही थी कि दोपहर के समय रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के एक वृद्ध ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि वृद्ध ने उसका हाथ पकड़कर धार्मिक स्थल में खींच ले गया। बताया जाता है कि वृद्ध ने छात्रा के साथ दुराचार करने का प्रयास किया। नाबालिग छात्रा के चीखने चिल्लाने और वृद्ध के हाथ में काट लेने के बाद छात्रा रोती हुई अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। आरोप है कि छात्रा के घर पहुंचने के बाद आरोपी भी घर आ धमका, और कहीं भी शिकायत करने पर पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा की मां द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी बढ़ई नन्हे लाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और आज शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया।

### आम के बाग की रखवाली कर रहे किसान को गोलियों से भूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल**

**बरेली।** गांव के बाहर आम के बाग में किसान का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हत्याकांड का आरोप गांव के ही कुछ दबंगों पर है। फिलहाल आरोपियों का पूरा घर गांव से फरार है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने घटनास्थल का दौरा किया। खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की हैं। फरीदपुर थाना क्षेत्र के रायपुर हंस गांव का है। इंद्रपाल-जिनकी हत्या की गई है, वह गांव में अकेले रहते थे। उनके परिवार के कुछ लोग खटीमा में रहते हैं। पत्नी छोड़कर चली गई थी। गांव के बाहर इंद्रपाल का आम का एक बाग है। वह बाग की रखवाली करते थे। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यिानी रात को इंद्रपाल बाग में थे, जहां उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली भी एक से ज्यादा मारी गई हैं। उनके पेट, सीने और पैर में गोलियों के निशान मिले हैं। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण बाग की तरफ गए थे चारपाई पर खून से लथपथ इंद्रपाल का शव देखकर सन्न रह गए। गांव में आग की तरह ये सूचना फैल गई और बाग की तरफ भीड़ का जुटना शुरू हो गया। चीख-पुकार और दहशत के बीच पुलिस पहुंची। घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। एसपी सिटी अंशिका वर्मा ने गांव पहुंचकर घटना के बारे में पूछताछ की।

### अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारी

**नवाबगंज/क्योलड़िया।** भदपुरा के गांव क्योलड़िया में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गुरुवार को एसडीएम निधि शुक्ला ने छापा मारी की, जिसमें उन्हें कई अनियमितताएं मिलीं। एसडीएम ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट डीएम को भेजी है।क्योलड़िया मुख्यालय पर बरेली अल्ट्रासाउंड सेंटर के नाम से चल रहे सेंटर पर गुरुवार को एसडीएम निधि शुक्ला ने छापा मारा। इस दौरान उन्हें न तो कोई चिकित्सक मिला और न ही कोई अभिलेख मिल सके। एसडीएम ने बताया कि सेंटर पर सीसीटीवी भी नहीं मिले और न ही अग्निशमन यंत्र ही मिल पाए।बताया जाता है कि यह सेन्टर बरेली की किसी महिला चिकित्सक द्वारा संचालित किया जाता है। छापा मारी के दौरान क्योलड़िया चिकित्सा अधीक्षक डॉ मो0 मुगीश, नायब तहसीलदार शोभित चौधरी भी शामिल रहे।

# यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को भी इम्प्रूवमेंट परीक्षा का मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में कम नंबर पाए विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है।

वह इम्प्रूवमेंट परीक्षा देकर अपने नंबर बढ़ा सकेंगे। बोर्ड ने शासन को इम्प्रूवमेंट परीक्षा कराने का प्रस्ताव भेजा है। उम्मीद है कि जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। इसके अलावा छात्रों को स्क्रूटनी द्धपुनर्मूल्यांकनत्र्न और कंपार्टमेंट परीक्षा के जरिये भी अपनी स्थिति सुधारने का अवसर मिलेगा। इन प्रक्रियाओं की शुरुआत एक मई से होने जा रही है, जबकि कंपार्टमेंट परीक्षा जुलाई में प्रस्तावित है। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 26,01,381 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 23,52,181 पास हुए और 2,49,200 फेल हो गए। वहीं इंटरमीडिएट में 24,86,072 परीक्षार्थियों में से 19,98,317 उत्तीर्ण हुए, जबकि 4,87,755 असफल रहे। हालांकि, बोर्ड ने स्क्रूटनी का विकल्प दिया है, लेकिन प्रति विषय 500 रुपये शुल्क होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के सामने चुनौती बनी हुई है। ऐसे में कंपार्टमेंट और प्रस्तावित इम्प्रूवमेंट परीक्षा उनके लिए अधिक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकते हैं। इन कदमों से छात्रों को न केवल मानसिक राहत मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने शैक्षणिक भविष्य को दोबारा संवारने का मौका भी मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र का भविष्य खराब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्क्रूटनी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कंपार्टमेंट परीक्षा की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू कर दी जाएगी।

# स्वरूपरानी अस्पताल से हत्या का आरोपी चकमा देकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार आरोपी की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के थाना अंतू क्षेत्र चौबेपुर निवासी बाबूलाल वर्मा के रूप में हुई है।

उसे दो सिपाहियों की निगरानी में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।आरोपी को अपने सात साल के बेटे की हत्या के आरोप में पुलिस ने दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह प्रतापगढ़ जिला कारागार में सजा काट रहा था। बृहस्पतिवार को उसे पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान आरोपी मौका पाकर वहां से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

बड़े पैमाने पर अस्पताल परिसर में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल सका। घटना के बाद डयूटी पर तैनात दोनों सिपाहियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। डीपी नगर मनीष शांडिल्य ने बताया कि आरोपी बाबू लाल वर्मा की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। बता दें कि 21 अप्रैल 2026 को भी एक आरोपी एसआरएन से फरार हो चुका है।

जिला कारागार प्रतापगढ़ से सिपाही मगन शर्मा और अनुज कुमार उक्त आरोपी को लेकर चिकित्सकीय परीक्षण के लिए आए थे। तभी शाम 6.15 बजे आरोपी अस्पताल से फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी समेत दोनों सिपाहियों पर एफआईआर दर्ज की है। 25 अप्रैल को आरोपी पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया।

## देवरनियां क्षेत्र में बढ़ रहे ई-वाहन, चार्जिग सुविधा नदारद

■ **घरेलू कनेक्शन से हो रही चार्जिंग, ट्रांसपफार्मरों पर बढ़ रहा लोड, संकट की आशंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल वाहनों के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। औसतन प्रतिदिन करीब एक दर्जन ई-रिक्शा और ऑटो थ्री-व्हीलर एजेंसियों से निकलकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पिछले दो वर्षों में नगर पंचायत देवरनियां सहित आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में ई-वाहन बढ़े हैं, लेकिन इसके अनुपात में चार्जिंग सुविधाओं का विकास नहीं हो पाया है।

चार्जिंग स्टेशन के अभाव में अधिकांश ई-रिक्शा और ऑटो चालक अपने वाहनों को घरेलू बिजली कनेक्शन से ही चार्ज करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर दिन-रात अनौपचारिक रूप से चार्जिंग की जा रही है, जिससे बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

हर दिन सैकड़ों वाहन घरेलू कनेक्शन से चार्ज होने के कारण ट्रांसफार्मरों पर लोड लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग ने समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में ओवरलोडिंग के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और बड़े पैमाने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव से फॉल्ट और कटौती बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण में कमी लाने की पहल सराहनीय है, लेकिन जमीनी स्तर पर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी इस प्रयास को प्रभावित कर रही है। क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे ई-वाहनों के अनुरूप चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना अब समय की प्रमुख आवश्यकता बन गई है।

## अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर एसडीएम का औचक निरीक्षण, कई जगह मिली खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** आयुक्त एवं डीएम के निर्देश पर एसडीएम आलोक कुमार ने कस्बा शीशगढ़ में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धा केयर सेंटर और मां अल्ट्रासाउंड केंद्र पर ताले लटके मिले।

रामगंगा अल्ट्रासाउंड केंद्र पर निरीक्षण के दौरान टेक्नीशियन कुलदीप कुमार अल्ट्रासाउंड करते हुए पाए गए, जो नियमों के विपरीत है। वहीं ओमलाइफ अल्ट्रासाउंड केंद्र पर रेडियोलॉजिस्ट एम.यू. खान का नाम अंकित मिला, लेकिन वे मौके पर उपस्थित नहीं थे। स्टाफ ने बताया कि वे नमाज पढ़ने गए हैं।आयुषी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर मशीन ढकी हुई मिली और बाहर सूचना अंकित थी कि 20 तारीख से अल्ट्रासाउंड नहीं किए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय यहां भी कोई



रेडियोलॉजिस्ट मौजूद नहीं मिला।एसडीएम ने सभी केंद्र संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि बिना अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट के किसी भी स्थिति में अल्ट्रासाउंड न किया जाए। उन्होंने बताया कि निरीक्षण की रिपोर्ट आयुक्त और डीएम को भेजी जा रही है।

## बहेड़ी के असीसी इंटर कॉलेज का शानदार रिजल्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** असीसी इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। इंटरमीडिएट में ऐमन निशात ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कॉमर्स वर्ग में प्रियांशी गंगवार ने 93.75 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया।

इंटर विज्ञान वर्ग में रिया चौधरी और जिया उल रहमान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मुर्शिदा और आयशा ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऐमन निशात ने फिजिकल एजुकेशन में 99 और अंग्रेजी में 98 अंक हासिल किए। वहीं जिया उल रहमान ने बायोलॉजी में 99, फिजिक्स में 93 और केमिस्ट्री में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में जिकरा नूरी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मंशाद कबीर पुत्र कमरूल ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया, जबकि अरीब पुत्र मो. ताहिर ने 85.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

**ऐमन निशात व जिकरा नूरी टॉपर**

प्रिंसिपल सिस्टर सिंथिया, सिस्टर जोन्स, संजय ढौंढियाल, टंडन सर, सूरज सर, अनिल सर, योगेंद्र सर, नेगी सर, अंजू शर्मा और स्वाति सिंह सहित समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रमिक दिवस पर योजनाओं की सौगात

■ **50 लाख से अधिक की सहायता राशि वितरित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार, बरेली में श्रम विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह, सहायक श्रमायुक्त बरेली, सहायक निदेशक कारखाना बरेली, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) आर.पी. सिंह, भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सम्भव शील, लघु उद्योग भारती से सुधीर उपाध्याय, अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने श्रमिकों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज के विकास का निर्माण शिल्पी बताया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओंख्रमातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना की जानकारी दी। साथ ही सभी सेवायोजकों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित नवीन न्यूनतम वेतन के अनुसार भुगतान सुनिश्चित किया



जाए तथा संगठित क्षेत्र के कर्मकारों को ईएसआई एवं पीएफ की सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, बरेली के हाईस्कूल उत्तीर्ण 6 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को आर्थिक सहायता भी वितरित की गई। निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के तहत 8 लाभार्थियों को 31.95 लाख रुपये, मृत्यु/विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को 20 लाख रुपये तथा मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 16 लाभार्थियों को 4.45 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई। उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने श्रमिकों के सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए नवीन श्रम संहिताओं की जानकारी दी। सहायक श्रमायुक्त द्वारा अटल आवासीय विद्यालय में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी राम अवतार शर्मा ने किया।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में बुर्कानशीं महिला के साथ सरेराह अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। यह घटना उस समय सुर्खियों में आई थी जब छेड़छाड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था, जो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।जानकारी के अनुसार मुगलपुरा थाना क्षेत्र के बरवलान मोहल्ले में एक बुर्कानशीं महिला सड़क से गुजर रही थी, तभी पीछे से आ रहे एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। महिला के विरोध के बावजूद आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू की।



जांच के दौरान आरोपी की पहचान मुगलपुरा क्षेत्र निवासी नोशाद के रूप में हुई। पुलिस ने पीड़िता को तलाश कर उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रामगंगा नदी किनारे मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी को लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना को स्वीकार कर लिया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कानून के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# ट्रक की टक्कर से 6 साल की मासूम बच्ची की मौत, मां और बेटी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र रामपुर दोराहा जीरो पॉइंट पर एक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम बच्ची जिया खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां मरजीना और छोटी बहन अदीबा नूरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजमत खान निवासी मिल्क सिरसी, थाना हजरतनगर गढ़ी अपने परिवार के साथ बाइक से एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि वह मुमेहरा भाई की शादी में गोट गांव गए थे और वहीं से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रामपुर दोराहा जीरो पॉइंट के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए। इस हादसे में 6 साल की बच्ची जिया खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसकी मां मरजीना और तीन साल की बहन अदीबा नूरी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मासूम जिया की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## बिलारी समाचार

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी मासूम झटककर सड़क पर गिरी, मौत

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट चौराहे पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी 6वर्षीय बेटी झटककर सड़क पर गिर गई हादसे में उसकी मौके पर मृत्यु हो जबकि मां, पिता, बहन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, संभल के गढी थाना क्षेत्र के मिलक मनिहार निवासी अमजद पुत्र एहसान पत्नी मरजीना, 6 वर्षिये बेटी जिया फातिमा एंव 3 वर्षिये आदिवा नूरी के साथ अपनी ससुराल भोजपुर थाना क्षेत्र के गोधी हमीरपुर से शुक्रवार सुबह 9.30बजे बाइक से घर लौट रहा था जीरो प्वाइंट पार करते समय पीछे आ रहा ट्रक ने साइड मार दी जिससे जिया फातिमा झटककर सड़क पर गिर गई उसकी मौके पर मृत्यु हो गई जबकि अमजद, मरजीना आदिवा नूरी घायल हो गई है सूचना पर गई पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल भिजवा दिया,एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि चालक भाग गया है उसकी तलाश की जा रही है।

### आंधी ने लेली राज मिस्त्री की जान सहायक घायल



**कांठ( शाह टाइम्स )** गुरुवार की देर शाम को अचानक आई आंधी ने राजमिस्त्री की जान ले ली लेकिन उसके दो सहायक घायल हो गए बताया गया कि भीकनपुर के रहने वाले बबली रिजवान और आमिर राज मिस्त्री का काम करते थे यह लोग उमरी कला से काम करके वापस लौट रहे थे तभी अचानक आंधी आ गई और एक पेड़ टूटकर उनकी बाइक पर गिर गया जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां बबली को मृत घोषित कर दिया गया रिजवान का कहना था कि वह रोजाना ही इसी समय आना-जाना करते थे। लेकिन आज अचानक आंधी उनके लिए जानलेवा साबित हो गई मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक की माली हालत भी खराब है गांव के लोगों ने सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।

### झगड़ रहे आधा दर्जन लोगों का चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आपस में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन लोगों का पुलिस ने चालान किया है महेंद्र पुत्र टीकाराम नरेश पुत्र टीकाराम सुनील पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम गढ़ी और यही के अरुण



पुत्र परवीन परवीन पुत्र बलबीर और धर्म सिंह पुत्र मोहन आपस में झगड़ा कर रहे थे जिससे गांव में शांति भंग की आशंका पैदा हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार जनपद सम्भल



की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' (द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# अफजलपुर भायपुर, भदासना में ग्राम चौपाल का आयोजन: ग्रामीणों की समस्याओं पर हुआ विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत अफजलपुर भदासना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं,कार्यक्रम में, वीडियो अशोक कुमार ग्राम विकास अधिकारी,नोडल अधिकारी अशोक कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर संतोष कुमार,एडीओ समाज कल्याण अनुज कसाना , लेखपाल मुकेश कुमार,बाल विकास अधिकारी ने आशा बहू की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और महिलाओं के घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ जैसी समस्याओं से निपटने की जानकारी दी,इस अवसर पर ग्राम प्रधान फारूक नेताजी की सक्रिय भूमिका की विशेष सराहना की गई। उनके प्रयासों से ही ग्राम चौपाल का आयोजन सुव्यवस्थित



ढंग से संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार तत्पर रहते हैं,पेयजल, सफाई, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं को लागू कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है अफजलपुर चौपाल में ग्राम प्रधान फारूक नेताजी व योगेश प्रधान ने कहा कि गांव का समग्र विकास और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा,इस ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। इससे लोगों में विश्वास और सहभागिता की भावना मजबूत हुई, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से रितिका, अमरीश यादव,भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार नीरज चंद्र परशुराम स्वामी प्रमोद यादव जी यादराम ग्राम प्रधान फारूक नेताजी योगेश प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर से असुविधा की शिकायत, पोस्टपेड करने की मांग पर विभाग ने जताई असमर्थता



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** करुला पीर का बाजार स्थित आबिद मार्केट निवासी मौ. अली शान पुत्र मौ. इद्रीश अहमद ने परिसर में लगे स्मार्ट मीटर से हो रही असुविधा को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग की। शिकायत की जांच सहायक अभियंता श्री कृष्णजीत भालियान (9412749307) ने की। कार्रवाई रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत सरकार की त्वै योजना के तहत डॆ इंटेली स्मार्ट कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराना नॉन स्मार्ट मीटर लगाने या प्रीपेड से पोस्टपेड करने का निर्णय उच्च स्तर से ही लिया जा सकता है। भविष्य में उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश आने पर ही यह संभव होगा।

### जनपद में धान के 100 कुंतल बीज का होगा वितरण पंजीकरण शुरू

**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन ने धान बीज वितरण के लक्ष्य तय कर दिए हैं। जिले में 100 कुंतल धान की बीज का नि:शुल्क वितरण होगा। जिसकी बुकिंग ऑनलाइन शुरू हो गई है। मुरादाबाद जनपद में साढ़े तीन लाख छोटे बड़े किसान है। जिसमें ढाई लाख से अधिक किसान धान की खेती करेंगे। पिछले साल 91000 हेक्टेयर भूमि पर धान की गई खेती की गई थी। चालू वर्ष के लिए लक्ष्य का निर्धारण अभी नहीं हुआ है। शासन स्तर से लक्ष्य तय होंगे। कृषि विभाग की ओर से फ्री और अनुदान पर बीज वितरण का लक्ष्य तय कर दिया गया है। 100 कुंतल धान का फ्री बीज बंटेगा बुकिंग के बाद ई-लॉटरी से बीज का वितरण होगा। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र पाल सिंह का कहना है कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ सत्र 2026-27 में अनुदान पर वितरित किये जाने वाले बीजों का वितरण ऑनलाईन बुकिंग के बाद ई-लॉटरी से किया जायेगा। किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन बुकिंग कर सकते हैं। किसानों को धान के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि, मिलेट्स और मोटे अनाज पर सरकार का जोर है। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी का कहना है कि 10 मई तक बीज की बुकिंग की जा सकेगी।

### श्रमिक दिवस पर साक्षी सेवा समिति ने किया श्रमिकों का सम्मान

**चन्दौसी।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर साक्षी सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी परिवार ने श्रमिकों को पटका पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एड0 रंजना शर्मा ने की जबकि संचालन एड दीपक राठौर ने किया। इस अवसर पर एड रंजना शर्मा ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक श्रम के बिना किसी भी देश, नगर या गांव का विकास संभव नहीं है। श्रमिकों का योगदान अमूल्य है और उनके कार्यों के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि श्रमिक ही समाज की नींव होते हैं, जो अपने परिश्रम से विकास की इमारत खड़ी करते हैं।

इसी भावना के तहत समिति द्वारा श्रमिकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में एड दीपक राठौर, एड सफिया कादिर, एड शिप्रा शर्मा, एड ललित मोहन सैनी, एड जितेन्द्र निक्की, एड प्रिया चौहान, एड प्रियंका, एड पावेंद्र मौर्य, पीएलबी वीरू मौर्य, राकेश सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, पुलिस से शिकायत के बाद भी नहीं रुका अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव धींगरपुर और मुलावान बना अवैध खनन माफियाओं का गढ़, बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे मौत के ट्रैक्टर डिलारी क्षेत्र के ग्राम धींगरपुर और मुलावान में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिनदहाड़े मिट्टी और खनन सामग्री से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अधिकांश वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। ऐसे में यदि कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नंबर प्लेट के ये ट्रैक्टर इतनी तेज गति से निकलते हैं कि सामने आने वाले राहगीरों की जान पर बन आती है। सड़क पर चलते बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों में हर समय डर का माहौल बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह तेज रफ्तार ट्रैक्टर किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। जब स्थानीय लोगों और पत्रकारों ने ट्रैक्टर चालकों से पूछा कि बिना नंबर प्लेट और बिना रोकटोक इतना खनन कैसे चल रहा है, तो चालकों ने साफ कहा कि "हमारे पास परमिशन है, प्रशासन से अनुमति ले रखी है।" अब सवाल यह उठता है कि आखिर कौन सा अधिकारी ऐसे वाहनों को अनुमति दे रहा है, जो कानून की बुनियादी शर्तें भी पूरी नहीं करते। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर, बिना सुरक्षा मानकों और बिना वैध दस्तावेजों के यदि वाहन चल रहे हैं, तो यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही भी मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार जब पत्रकारों ने खनन से जुड़े लोगों से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि हर ट्रैक्टर का रोजाना एक तय



मामला देना पड़ता है। यह रकम किसे दी जाती है, यह क्षेत्र में चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह अवैध खनन के पीछे बड़े नेटवर्क और संरक्षण की ओर इशारा करता है। सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि जब कोई पत्रकार या सामाजिक कार्यकर्ता इन गतिविधियों की वीडियो या फोटो बनाता है, तो उसे धमकाया जाता है। आरोप है कि कई बार कहा जाता है, "तेरे ऊपर ही ट्रैक्टर चढ़ा देंगे, नहीं तो यहां से चला जा। यदि यह सच है तो यह केवल अवैध खनन नहीं बल्कि कानून व्यवस्था को खुली चुनौती है। पत्रकारों को धमकाना लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जाएगा। थाना डिलारी क्षेत्र के कई गांव प्रभावित स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या केवल धींगरपुर और मुलावान तक सीमित नहीं है। कई जगह थाना डिलारी क्षेत्र में इसी प्रकार अवैध खनन चल रहा है, जिससे आए दिन विवाद, मारपीट और तनाव की स्थिति बनी रहती है।

जिला प्रशासन, खनन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट चल रहे ट्रैक्टरों पर तत्काल कार्रवाई हो। अवैध खनन स्थलों पर छापेमारी की जाए जिन अधिकारियों की मिलीभगत हो, उनकी जांच हो। धींगरपुर और मुलावान व अन्य गांव में खुलेआम चल रहा यह अवैध खनन प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि किसी बड़े हादसे और कानून व्यवस्था संकट का कारण भी बन सकता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर कब तक मौन रहते हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगाघाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**चन्दौसी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को गंगाघाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजघाट, नरौरा सहित विभिन्न गंगा तटों पर श्रद्धालुओं ने प्रात:काल से ही स्नान कर भगवान बुद्ध एवं मां गंगा



का स्मरण करते हुए पुण्य अर्जित किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, इसी आस्था के चलते दूर-दूर से लोग गंगा तटों पर पहुंचे। चन्दौसी नगर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। सुबह तड़के ही रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। कई श्रद्धालु रेलगाडिघ्यों के माध्यम से राजघाट, नरौरा, हरिद्वार के लिए निकले, वहीं बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों कार, बस और दोपहिया वाहनों से भी गंगा तटों की ओर प्रस्थान करते नजर आए। परिवारों और समूहों में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। गंगाघाटों पर स्नान के साथ ही पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और दीपदान का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संत-महात्माओं के प्रवचन सुने और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

प्रशासन की ओर से प्रमुख घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा तटों की रौनक देखते ही बन रही थी। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के इस संगम ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व मजदूर दिवस' के अवसर पर आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से "विश्व मजदूर दिवस'' के अवसर पर एक 'प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा हर इमारत, सड़क और उद्योग के पीछे मजदूरों की कड़ी मेहनत छिपी होती है। साथ ही उन्होंने सभी से अपील की मजदूरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति का भाव रखें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें बी.एससी., एग्रीकल्चर, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मनीष कुमार प्रथम, मोनू सैनी द्वितीय तथा बी.एससी, एग्रीकल्चर, द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद शबाबुल तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के शिक्षक डॉ. यशपाल सिंह तथा डॉ. अक्षिता बिष्ट निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मजदूर सिर्फ काम करने वाले लोग नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के निर्माणकर्ता हैं। हमें उनके प्रति सम्मान, सहानुभूति और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव या शोषण न हो। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से युवा छात्र-छात्राओं के नवाचार, संवाद कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करते हैं, जो कि उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रमिकों को उनका हक दिलाने, उनके योगदान को सम्मान देने और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन मेहनतकश लोगों को समर्पित है, जो अपने पसीने और परिश्रम से हमारे समाज और देश को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए मजदूर हमारे समाज की रीढ़ हैं तथा उनका योगदान अनमोल है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर मजदूर न हों, तो हमारे जीवन की कई आवश्यक चीजें अधूरी रह जाएंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक व कृषि एवं अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेशपाल, सह संयाजक डॉ. विशाल गंगवार समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं स्कूल के अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

# पीलीभीत मंडी परिसर में गरजा किसानों का आक्रोश

■ एसडीएम की बेरुखी पर भड़के भाकियू कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भ्रष्टाचार अवैध खनन और सरकारी तंत्र की वादाखिलाफी के खिलाफ हुंकार भर रहे भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं का धैर्य शुक्रवार को जवाब दे गया। किसान मंडी परिसर में आयोजित मासिक पंचायत के दौरान उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब ज्ञापन लेने पहुंची एसडीएम के अड़ियल रवैये ने जलती आग में घी डालने का काम किया। किसानों का आरोप है कि जनसमस्याएं सुनने के बजाय अधिकारी ने तानाशाही दिखाई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़ी संख्या में किसान मंडी में एकत्र हुए थे। मौके पर वार्ता के लिए पहुंची एसडीएम की कार्यशैली से किसान उस समय आगबबूला हो गए, जब बीच बात. चीत में अधिकारी अचानक कुर्सी छोड़कर उठ खड़ी हुईं।

किसानों के अनुसार, एसडीएम ने दो टूक शब्दों में कहा, ज्ञापन देना है तो दो, वरना मुझे कहीं और जाना है। प्रशासनिक अधिकारी के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान ने किसानों के आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुंचाई। देखते ही देखते पूरा मंडी परिसर नारेबाजी से गूंज उठा। किसान और अधिकारी के बीच तीखी नोकझोंक के कारण स्थिति अनियंत्रित होने लगी, जिसे देख एलआईयू और भारी पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। काफी मान मनौव्वल और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और एसडीएम ने किसानों का ज्ञापन स्वीकार किया। जिला अध्यक्ष भजन लाल क्रोधी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रशासन को आइना दिखाया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि अमरिया के मुडलिया में लाइसेंस खत्म होने के बाद भी स्टोन क्रेशर बेखौफ चल रहे हैं। पूरनपुर और सुनगढ़ी की नदियों में दिन-रात अवैध खनन हो रहा है, जिसे विभागीय संरक्षण प्राप्त है। जनपद में खाद और गैस की भारी किल्लत है। पात्र गरीबों के राशन कार्ड पोर्टल पर बंद पड़े हैं, जिससे सरकारी लाभ उन तक नहीं पहुंच रहा। स्मार्ट मीटरों के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाकर पुराने पोस्टपेड मीटर वापस लगाने की मांग की गई है। भाकियू भानु ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2025 और 2026 में दिए गए तमाम ज्ञापनों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसको लेकर आगामी 1 जून को जिले में भारी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष संचित दीक्षित ने कहा कि यदि प्रशासन ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली और एसडीएम जैसे अधिकारियों ने किसानों से बात करने की मर्यादा नहीं सीखी, तो संगठन कलेक्ट्रेट का घेराव कर अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ेगा। इस मौके पर बाबूराम वर्मा, ओमप्रकाश राजपूत, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता और तहसील अध्यक्ष राम गोपाल प्रजा. पति सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम बगनैरा निवासी ओमवीर ने गांव के ही पप्पू पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह 30 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे गल्ले के रुपए देने जा रहा था। रास्ते में गांव के ही पप्पू ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और मोबा. इल फोन भी तोड़ दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंची ओमवीर की माता और भाई करन के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की। आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। अमरिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

## घरेलू कलह के चलती युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव दलपुरा निवासी फूलचंद के 29 वर्षीय विवाहित पुत्र सुरेश पाल ने करीब एक सप्ताह पूर्व घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसका लगातार उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान 30 अप्रैल को उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंच नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेश पाल पहले भी पारिवारिक विवाद के कारण जहरीला पदार्थ खा चुका था, लेकिन उस समय इलाज से उसकी जान बच गई थी। इस बार हालत गंभीर होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक की शादी वर्ष 2022 में थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी नीरज कुमारी के साथ हुई थी। उसके परिवार में पत्नी और दो वर्षीय पुत्री जाह्नवी है।

## पुलिस ने 36 अपराधियों की खोली हिस्ट्री शीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत पुलिस द्वारा अपराधियों/गौकशों के विरुद्ध सख्त निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु माह अप्रैल में 36 अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोली गई। जनपद पीलीभीत में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी एवं सुनियोजित कार्यवाही की जा रही है। अपराधों की रोकथाम के लिए चिन्हित अपराधियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में माह अप्रैल, 2026 में जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे उनके आपराधिक आचरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। वर्तमान में कुल 36 हिस्ट्रीशीटर अपराधी पुलिस अभिलेखों में पंजीकृत किए गए हैं, जिनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उक्त सभी हिस्ट्रीशीटरों की नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उनके गतिविधियों एवं आपराधिक प्रवृत्तियों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखते हुए समय-समय पर सत्यापन, चेकिंग एवं आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त, जनपद पुलिस द्वारा गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने/संवे. दनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरते जाने तथा अपराधियों की गति. विधियों पर लगातार निगरानी किए जाने व प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु सभी सीओ को थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

## शांति व्यवस्था भंग करने वाले पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव ( बदायूं )।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था नियंत्रित रखने के उद्देश्य से कुंवरगांव पुलिस का लगातार ऐक्शन जारी है इसी के तहत शुक्रवार को थाना कुंव. रगांव पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के अभियान के मद्देनजर कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया।



यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में की गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बल्लिया निवासी मोहर सिंह (37 वर्ष) व उनके पुत्र अनिल कुमार (20 वर्ष), साथ ही विजय (24 वर्ष) पुत्र प्रेमपाल और दिनेश (22 वर्ष) पुत्र रामवीर को आपसी विवाद के चलते शांति भंग करने की आशंका में हिरासत में लिया गया। इसके अलावा ग्राम दुगरैय्या निवासी देशराज (48 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया।

सभी अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को उपजिलाधिकारी सदर बदायूं के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेश यादव और कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह से माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा।माहौल खराब करने वाले किसी भी सख्श को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# विवाद में पति को बचाने आई गर्भवती बहू पर ससुर का हमला, जिला अस्पताल रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के फिरसहा गांव में शुक्रवार को ससुर पर अपनी 9 महीने की गर्भवती बहू को ईट मारकर घायल करने का आरोप लगा है। घटना के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में आकाश कुमार पुत्र बसंत लाल ने बताया कि उसका अपने ताऊ से झगड़ा हो गया था। आरोप है की गाली गलौज करने से मना करने पर उन्होंने आकाश के साथ मारपीट शुरू कर दी। आकाश की पत्नी रिंकी देवी 9 महीने की गर्भवती जब अपने पति को बचाने आई तो कथित तौर पर ससुर ने उनके पेट पर ईट मार दी इस हमले से रिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई। रिंकी की सास सुखरानी ने भी बताया कि ससुर ने उनकी बहू के पेट पर ईंट मारी जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे लगातार उल्टियां हो रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर 102 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल रिंकी देवी को बिलसंडा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया ईएमटी संजय भास्कर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अखिलेश कुमार ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार ने बताया कि महिला के पति की ओर से तहरीर मिली हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नौ व दस मई को आयोजित होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का जिला प्रशिक्षण वर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की जिला योजना कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत से हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी और जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने बताया कि 9 मई से 10 मई 2026 तक पूरनपुर के स्वामी एजुकेशनल महाविद्यालय पूरनपुर में जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा जिसमें भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति अध्यक्ष, मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं इस से पूर्व संगठन द्वारा सभी 19 मंडलों में मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, रेखा सिंह परिहार, अतेंद्र पाल सिंह, नमन प्रताप राजपूत, आयुष मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, मान सिंह राठौर, मनोज गुप्ता,जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, ऋचा सिंह पटेल, सृष्टि गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मजदूरों का सम्मान देश का उत्थान- हर्षवर्धन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय बिसौली के कार्यालय के समक्ष विद्युत संविदा कर्मियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले एकत्रित होकर मजदूर दिवस मनाया और शिकागो के शहीद मजदूरों को नमन किया।

विद्युत संविदा कर्मियों ने 1 मई 2026 को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों के हालात और उनके अधिकार विषय पर एक विचार गोष्ठी सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह गौतम ने की। यहां कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि मजदूरों का सम्मान ही देश का उत्थान हैस मजदूर आज काम के 8 घंटे करने,वेतन को बढ़ाने सुरक्षा इंतजाम ठीक करने एवं मजदूर विरोधी नई श्रम संहिताओं को रद्द करने जैसी अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत है लेकिन पूंजी पतियों की पक्षधर सरकारें मजदूरों की जायज मांगों को मानने के बजाय दमन एवं दुष्प्रचार का सहारा लेकर इन आंदोलन को कुचलना का प्रयास कर रही है जो कि न्याय संगत नहीं हैस संघ के प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने चार श्रम संहिताओं के जरिए मजदूरों, कर्मचारियों पर हमला बोला हुआ है। ठेका संविदा के जरिए श्रमिकों को गुलामी में धकेल दिया गया है। ट्रेड यूनियनों का संघर्ष करना मुश्किल होता जा रहा है। संघर्षशील साथियों का दमन किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह गौतम ने कहा की विद्युत संविदा कर्मचारियों का शोषण चरम सीमा पर हैस पूंजीवादी शासकों ने मुनाफे की हवस में दुनियां भर में बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी को बढ़ाया है। मजदूर वर्ग की आमदनी घटी है। उसे दैनिक जरूरतों का समान खरीदना भी मुश्किल हुआ है। वहीं राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसौली बदायूं के माध्यम से क्राइम इंस्पेक्टर बिसौली को सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम में हर्षवर्धन, हरीश चंद्र यादव,अरविंद कुमार, वीरेंद्र सिंह मौर्य,राना सिंह, रनपाल यादव, बलविंदर सिंह, प्रदीप कुमार प्रजा. पति, अमन कुमार, रनजीत सिंह, देवेंद्र कुमार, जगतपाल, राम खिलाड़ी, रतनलाल, कुंवर पाल आदि सहित दर्जनों संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# इल्हामउर्रहमान शम्सी प्रकरण में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ पुलिस प्रकरण में शामिल सात महिलाएं पकड़ा
■ पत्नी, साली, सास, सलहज सहित कई अन्य संबंधी महिलाएं थीं शामिल
■ फर्जी एवं कूटरचित बेनिफिशियरी आईडी तैयार कर रिश्तेदारों को भेजी थी गबन की शासकीय धनराशि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** कूटरचना कर फर्जी एवं कूटरचित बेनिफिशियरी आईडी तैयार कर षड्यंत्रपूर्वक शासकीय धनराशि के गबन के प्रकरण में संलिप्त सात अभियुक्ताओं को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 13/02/2026 को राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पीलीभीत ने थाना कोतवाली पर सूचना दी कि इल्हामउर्रहमान शम्सी, जोकि जनता टेक्निकल इण्टर कालेज बीसलपुर, पीलीभीत में कार्यरत था तथा विगत वर्षों से जिला विद्यालय निरीक्षक, पीलीभीत में अटैच था, इसके द्वारा वेतन बिल, टोकन जनरेशन आदि का कार्य देखा जा रहा था। इसके द्वारा फर्जी एवं कूटरचित तरीके से वेतन मद से बेनिफिशियरी गलत तरीके से बनाकर दिनांक 12.09. 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 1,01,95,135/- रुपये की धनराशि प्रारंभिक जांच में अपनी पत्नी के खाते में ट्रेजरी के माध्यम से छम्थ्ज्ञ द्वारा आहरण एवं वितरण कर गबन किया गया। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा अपराध संख्या 60/26 धारा 336 (3)/ 316 (5)/ 338/340 (2) बीएनएस बनाम इल्हाम उर्र रहमान शम्सी व अर्शी खातून के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त इल्हाम उर्र रहमान शम्सी द्वारा ट्रेजरी सरकारी धन गबन प्रकरण में अब तक प्रकाश में आये 53 खातों में संदिग्ध लेनदेन का लगभग 5,50, 54, 594/- (पांच करोड़ पचास लाख चौवन हजार पांच सौ चौरानवे रु.) धनराशि फ्रीज करायी जा चुकी है। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 01.05.2026 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्ता लुबना, फातिमा, परवीन खालून, आशकारा परवीन, अजारा खान, नाहिद व आफिया खान को भिन्न भिन्न स्थानों से अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा गिरफ्तार किया गया। पूर्व में मुख्य अभियुक्त इल्हाम उर्र रहमान शम्सी की पत्नी अर्शी खातून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त इल्हाम उर्र रहमान शम्सी द्वारा ट्रेजरी, पीलीभीत के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न खातों में रुपये भेज गए हैं जिसमें कुछ खातों में अपनी पत्नी व अन्य रिश्तेदारों के खातों में रूपये स्थानान्तरित किये है।

### इन महिलाओं की भेजी गई गबन की धनराशि

पत्नी लुबना के खाते में 23712640/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
पत्नी अजारा खान के खातो में 21216393/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
साली फातिमा नवी के खाता में 10311672/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
सलज आफिया के खातो में 8068696/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
परिचित परवीन खातून के खाता में 4855261/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
सास नाहिद के खातो में 9528449/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।
परिचित आशकारा परवीन के खातो में 3800112/- रुपये स्थानान्तरण किए गए।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बिल्सी में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 2 मई 2026 को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। आमजन की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

## कालेज परिसर में अवैध अतिक्रमण के चलते अलंकार प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य बाधित, जनसुनवाई के तहत शिकायत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** शासनादेश के मुताबिक स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज को मॉडलिंग कालेज बनाने के लिए योगी सरकार ने अलंकार प्रोजेक्ट के अंतर्गत मरम्मत व निर्माण कार्य को धनराशि स्वीकृत की है।

बताया जा रहा है कि विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव मोहकमपुर निवासी चंद्र पाल सिंह पुत्र अशर्फी सिंह ने कालेज परिसर में अवैध रूप से कब्जा कर एक जर - जर कमरे में अपना भूसा भरकर ताला डाल दिया है व कालेज परिसर में अपने कण्डों का बटिया रख लिया है जिसके चलते कालेज में नव निर्माण कार्य काफी समय से बाधित हो रहा है। कालेज के प्रबंधक द्वारा अनेक बार कहने पर काबिज चंद्रपाल सिंह ने अपनी हठ धर्मी के चलते अपना भूसा व कंडे नहीं हटाए तो हार झक मारकर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक व लोक निमार्ण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने संयुक्त रूप से इस मामले की शिकायत जन सुनवाई के तहत मुख्य मंत्री पोर्टल पर दर्ज करवाकर जनहित में कालेज परिसर से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। इसी क्रम में कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने कालेज परिसर में जर जर हालत में संस्था के भवन में रहे रहे शिशुपाल सिंह नामक व्यक्ति को सरकारी भवन खाली करवाने को चेताया है। कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने बताया कि श्री गांधी सेवा सदन का भवन काफी खस्ता हाल में है जिसके चलते भवन का ध्वस्तीकरण करवाने के लिए शिशुपाल सिंह से सरकारी भवन खाली करवाने को चेताया है। इस जनहित से संबंधित मामले को लेकर प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने बिसौली उपजिला अधिकारी से भी एक शिष्टाचार मुलाकात की है। यह जानकारी त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने दी है।

## रुदायन नगर के वार्ड नं. 05 में खराब पड़े हैं हैंडपंप, भीषण गर्मी में पानी को तरसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन के वार्ड संख्या 05 में कई हैंडपंप (नल) खराब पड़े होने से स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या के चलते वार्डवासियों को दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से हैंडपंप खराब हैं, लेकिन अभी तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्ड के निवासी खेमपाल, लाल मोहम्मद, गुलाम नबी, खुर्शीद, बाबू, फहीम, जम्मू, प्रसाद, सोनपाल, नवीरसुल, मुख्तार अली, गोविंद, दिलखुश, नवाब जान, जाफरुद्दीन, रफीक आदि लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से अपील की है कि गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराई जाए।

# चेयरमैन अबरार अहमद ने पेश की चादर, कुल शरीफ के साथ उर्स संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की मील वाली दरगाह पर चल रहे हजरत भोले शाह उर्फ मील वाले दादा मियां का 34 वां दस दिवसीय सालाना उर्स ए पाक का शुक्रवार को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। कुल शरीफ में बड़ी संख्या में अकीदतम. ंदों ने शिरकत की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद की सरपरस्ती में कमेटी के सदस्यों ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादर व गुलपोशी करके अपनी अकीदत पेश की। शुक्रवार को कुल शरीफ के दिन सुबह कुरानख्वानी हुई। इसके बाद हजरत भोले शाह के मजारे अकदस पर गुस्ल हुआ। इस दौरान अकीदतमंदों ने आंसू भरी आंखों से शिरकत की और गुस्ल में शरीक होकर अपनी हाजिरी लगाई। गुस्ल के बाद दुआ हुई जिसमें मुल्क में अमन चौन और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। हजरत भोले शाह की दरगाह पर 19 मार्च से उर्स चल रहा था। कुल शरीफ के मौके पर दरगाह पर देर शाम तक लंगर चलता रहा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, दरगाह के नाजिम हनीफ शाह, कमेटी के सदर यासीन बेग, नायब सदर सैयद जाकिर अली, खजांची सैयद मेहशर अली, मैनेजर चुन्नू सैफी, मुकेश लख्खा, आबिद अली उस्मानी, दिलशाद फारूकी, अंसार अली, ताज मो, मो. शाकिर समेत अन्य अकीदतमन्दों ने शिरकत की।

# स्कूल में टॉपर्स का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुराही स्थित श्रीमती शांति देवी जूनियर हाई स्कूल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद बदायूं के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम उदीयमान शिक्षाविद् सत्यम सिंह (रुदायन) के नेतृत्व एवं संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिशोर शर्मा सहित शिक्षक चंद्रगुप्त, शिवराज बघेल एवं मोहित गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश भी दिया।



समारोह के अंत में सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। यह आयोजन न केवल छात्रों के उत्साहवर्धन का माध्यम बना, बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी लगन को और अधिक मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध हुआ।

## व्यक्ति घर से लापता, परिजनों ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

आसफपुर ( बदायूं )। बीते दिनों आसफपुर विकास क्षेत्र में थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव नबाबपुरा निवासी एक 52 वर्षीय व्यक्ति अपने घर से लापता बताया जा रहा है। इस मामले को लेकर घर से लापता कुबेर सिंह के भाई चंद्र सेन ने थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। गुमशुदा कुबेर सिंह के भाई चंद्र सेन द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के मुताबिक कुबेर सिंह एक सप्ताह पहले शाम के समय अपने परिजनों को बिना बताए घर से कहीं बाहर चला गया। 22 अप्रैल 2026 को संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पेपल गांव में अकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति हुआ गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** गुरुवार को पेंपल गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

आपको बता दें कि बदायूं जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव पेंपल गांव में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से लौट रहा एक युवक अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि तेज गर्जना के साथ गुरुवार को शाम आकाशीय बिजली एक मकान के ऊपर आ गिरी। जिससे मकान का लेंटर का छज्जा टूटकर नीचे गिर पड़ा। छज्जा गिरने से युवक राजकमल पुत्र जय सिंह निवासी पेंपल को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घायल युवक के पिता ने बताया कि सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहीं परि. जनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया, सूचना मिलते ही 108 चालक उज्जवल कुमार अपने साथी ईएमटी संदीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में युवक का इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# श्रमिक दिवस पर पुलिस अलर्ट

## चौराहों से फैक्ट्रियों तक पुलिस रही तैनात, ड्रोन-सीसीटीवी से हुई निगरानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** श्रमिक दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जिले भर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में औद्योगिक क्षेत्रों, संवेदनशील स्थानों और प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। जिससे पूरे दिन कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। पुलिस ने नियमित पेट्रोलिंग के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

शुक्रवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों और प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। सुबह की शिफ्ट से ही बड़ी संख्या में श्रमिक अपने-अपने कार्यस्थलों पर पहुंचे और उत्साह के साथ श्रमिक दिवस मनाया। कई कंपनियों में श्रमिकों के सम्मान में छोटे-छोटे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जहां प्रबंधन ने उनके योगदान की सराहना की। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता का असर पूरे जिले में साफ नजर आया। कहीं से भी किसी तरह के विवाद या तनाव की सूचना नहीं मिली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पहले से ही संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल तैनात किया गया था। इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों के आसपास गश्त बढ़ाई गई और हर गतिविधि पर नजर रखी गई।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि श्रमिक दिवस के मद्देनजर सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया था। जिससे व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित ढंग से संचालित किया जा सके। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि श्रमिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित माहौल में अपने अधिकारों और योगदान का सम्मान करते हुए इस दिन को मना सकें। हालांकि, कुछ कंपनियां अपने वार्षिक कैलेंडर अवकाश और बुद्ध पूर्णिमा के कारण बंद रहीं, लेकिन अधिकांश औद्योगिक इकाइयों में काम सामान्य रूप से चलता रहा। श्रमिकों ने अपने कार्यस्थलों पर ही श्रमिक दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया और उसके बाद अपने नियमित कार्यों में जुट गए। पूरे दिन स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्योआरतू) को भी तैयार रखा गया था। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों और चौराहों पर यातायात पुलिस की भी विशेष तैनाती की गई थी। श्रमिक संगठनों की ओर से भी इस बार शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं भी विरोध प्रदर्शन या हड़ताल जैसी स्थिति देखने को नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की संयुक्त रणनीति और सतर्कता के चलते यह संभव हो सका।

पुलिस कमिश्नरेट ने श्रमिक वर्ग के योगदान को सराहते हुए कहा कि जिले के विकास में श्रमिकों की अहम भूमिका है और उनकी सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य वातावरण और सुविधाओं को सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इसी तरह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखा जाएगा और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा।

### पुरानी रंजिश में परिवार के तीन लोग घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ऊंची दनकौर मोहल्ले में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार के तीन सदस्यों पर हमला किया गया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हुए इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में 8 नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊंची दनकौर निवासी सुल्तान ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात उनके भाई मोहम्मद साद और राजा कार से हरियाणा जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में मोबीन, रहीस, कलुआ, अनीस, बबलू, फरमान, सूफियाना, अरमान और सुमित सहित करीब 12 लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उनकी कार को जबरन रोक लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और धारदार हथियारों से कार पर हमला कर दिया, जिससे कार के शीशे टूट गए। इस हमले में कार में सवार मोहम्मद साद और राजा गंभीर रूप से घायल हो गए। सुल्तान के अनुसार, जब उन्हें घटना की जानकारी मिली और वे मौके पर पहुंचे।

### पुलिस ड्यूटी में लगीं रोडवेज की 10 बसें, रूटों पर कमी से यात्री परेशान

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में हुए श्रमिक आंदोलन का असर अब भी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। आंदोलन के दौरान पुलिस ड्यूटी के लिए ली गई रोडवेज बसों में से कई अब तक डिपो को वापस नहीं की गई हैं। वर्तमान में 10 बसें पुलिस ड्यूटी में लगी हैं, जिससे विभिन्न रूटों पर कमी बनी हुई है। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

> 16 अप्रैल से आठ बसें लगातार पुलिस ड्यूटी में लगी हुई हैं। 30 अप्रैल को दो और बसें भेजी गई हैं। इससे कई रूटों में यात्रियों को असुविधा हो रही है। स्थिति को सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> **-राजेश वर्मा, एआरएम, ग्रेटर नोएडा डिपो**

आंदोलन के दौरान तोड़फोड़ की आशंका को देखते हुए नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पुलिस बल तैनात किए गए था। इसके लिए दोनों डिपो से 26 बसें ली गई थीं। इनमें से अधिकतर बसों को वापस कर दिया गया, लेकिन ग्रेटर नोएडा डिपो की आठ बसें अब तक पुलिस ड्यूटी में हैं। ये बसें ग्रेटर नोएडा से नोएडा, बुलंदशहर और अन्य प्रमुख रूटों से हटाकर पुलिस ड्यूटी में लगाई गई हैं।

**एक घंटे तक करना पड़ रहा इंतजार:** इन रूटों पर 15-20 मिनटों के अंतराल पर बसें मिल जाती थीं, लेकिन अब 30 मिनट से लेकर एक घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। यात्री रामसेवक ने बताया कि अंसल मॉल के सामने से नोएडा जाने के लिए बसें मिलने में दिक्कत हो रही है। शुक्रवार को 20 मिनट इंतजार करने के बाद रोडवेज की बस मिली।

### थार की टक्कर से भाई-बहन घायल

**नोएडा।** मुर्शदपुर अंडरपास के समीप बेकाबू थार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार भाई-बहन घायल हो गए गए। बहने की हालत गंभीर है। पीड़ित ने थार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। ग्रेटर नोएडा की एनआरआई सिटी सोसाइटी में रहने वाले मयंक यादव ने पुलिस को बताया कि वह 17 अप्रैल को अपनी चचेरी बहन प्रियंका यादव को नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से स्कूटी पर बैठाकर घर लेकर आ रहा था। मुर्शदपुर अंडरपास के समीप एक बेकाबू थार ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में मयंक को हल्की चोट आई, जबकि प्रियंका को गंभीर चोट लगी।

उसके शरीर में काफी जगह फैक्चर हो गए। पहले उसे नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आगरा ले गए। आगरा के एक अस्पताल में प्रियंका का इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया। टक्कर मारने वाली थार का पता लगाया जा रहा है। थार का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सीजेएम ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरिकेष पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि सभी न्यायिक अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में लंबित मामलों का पूर्व चिन्हांकन करें और संबंधित पक्षकारों को समय रहते नोटिस जारी कर सूचना दें, ताकि लोक अदालत के दिन अधिकतम मामलों का आपसी सहमति से निपटारा हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है।

## बारातियों से मारपीट के आरोपियों की तलाश में छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव में घर के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में बारातियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने इस मामले में हिरासत में लिए गए चार आरो. पियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। जलपुरा गांव में बुधवार को कोंडली से बारात आई थी। इस बारात में सूर. जपुर के रहने वाले योगेंद्र अपने परिवार के साथ शामिल हुए थे। वह अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी करके चले गए।

घर के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर जलपुरा गांव के विशेष समुदाय के लोगों ने बारा. तियों को जमकर पीटा था। गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने इस मामले में बारह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरा. पी वकील, नईम, रहीश और सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने आरोपियों के अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस द्वारा जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गांवों में जलभराव से निजात मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के गांवों में जल निकासी और सीवर की व्यवस्था दुरुस्त होगी। इससे जलभराव की समस्या दूर हो सकेगी। प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने गुरुवार को सलेमपुर गुर्जर गांव की गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और नाली बनाने का काम शुरू करा दिया। वहीं 10 से अधिक गांवों के लिए निविदा जारी कर दी। अधिकारी के मुताबिक सीईओ ने अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में बिजली, पेयजल आपूर्ति, सड़क, जल निकासी समेत सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बनाई गई योजना के तहत गांवों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

वर्क सर्किल-8 के अंतर्गत आने वाले सलेमपुर गुर्जर गांव की आठ गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और जल निकासी के लिए नाली बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि विकास कार्यों पर 1.6 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे गांव के लोगों को आवाजाही करने में आसानी होगी। साथ ही, जलभराव की समस्या भी दूर हो जाएगी। वहीं, नवादा गांव की सड़क को ऊंचा करने और नाली का निर्माण, आजमपुर गढ़ी में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली का बचा काम कराने के लिए निविदा जारी की गई है। यह काम एक माह बाद शुरू करा दिया जाएगा।

**विधायक की शिकायत पर चौकी प्रभारी निलंबित:** ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी डॉ. प्रवीन कुमार रंजन ने दादरी के कस्बा चौकी प्रभारी एसआई सुरेश चंद शर्मा को सस्पेंड कर दिया। उन पर कार्यों में लापरवाही व रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए थे। विधायक ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

एसीपी प्रशाली गंगवार ने बताया कि चौकी प्रभारी मामलों का खुलासा नहीं कर पा रहे थे। जनता व प्रतिनिधि के साथ उनका व्यवहार सही नहीं रहा। प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी भी किया गया। चौकी में पहले से तैनात एसआई मोहित कुमार को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

### एक नजर

### घर के बाहर बैठे दंपति से मारपीट, मुकदमा दर्ज




**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के आर्य नगर कॉलोनी में पड़ोसियों ने घर के बाहर बैठे पति-पत्नी से गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक महिला नीलम त्यागी ने बताया कि वह 25 अप्रैल की देर शाम अपने पति विनीत कुमार के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दीपांशु, प्रियांशु और गगन वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। दंपति ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कार ने फुटपाथ पर खाना खा रहे दो दोस्तों को टक्कर मारी, एक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-88 में कार ने कंपनी के बाहर फुटपाथ पर बैठकर भोजन कर रहे दो दोस्तों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके पिता ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला अलीगढ़ के रामपुर शाहपुर गांव निवासी जाबिर ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मोनू और उसका दोस्त परवेज निवासी जिला एटा फेज-2के सेक्टर-88 की कंपनी में नौकरी करते थे। दोनों 21 अप्रैल की सुबह कंपनी में ड्यूटी करने गए थे। वे दोपहर में करीब 1.30 बजे सेक्टर-88 के सी ब्लॉक में फुटपाथ पर बैठकर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान एक ब्रेजा कार ने दोनों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक टक्कर मारने के बाद दोनों को लहूलुहान अवस्था में छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मोनू की मौत हो गई। परवेज का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फर्जी दस्तावेज से बैनामा करने के आरोप में 12 पर प्राथमिकी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के जैतवारपुर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर गलत तरीके से जमीन का बैनामा कर लिया गया। मामले में न्यायालय के आदेश पर चार महिला समेत 10 नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।
प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि नोएडा के भंगेल बेगमपुर निवासी राजेश सिंह ने न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी कराई है। जारचा कोतवाली क्षेत्र के जैतवारपुर में प्रतीक सिंह की 0.6120 हेक्टेयर जमीन है। उनकी जमीन को हड़पने के लिए फर्जी फर्जी दस्तावेज तैयार कर राजेश सिंह व प्रतीक सिंह के स्थान पर अज्ञात व्यक्ति को खड़ा कर जमीन का आधा भाग खुशबू देवी के नाम बैनामा कराया गया। इसके बाद खुशबू देवी ने फरवरी में जमीन का कुछ हिस्सा संदीप कुमार को बेच दिया। जमीन का कुछ हिस्सा पारुल गुप्ता, सुमन आहूजा व अलका को बेचा गया। जारचा कोतवाली में शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया थे। इसके बाद खुशबू देवी, संदीप कुमार, शुभम गोयल, पारुल गुप्ता, सुमन आहूजा, अलका, मोहित राम, भगत सिंह, राकेश बंसल, शशि रंजन प्रसून व दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## 15 जून से नोएडा एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट शुरू होंगी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा अंत. रराष्ट्रीय एयरपोर्ट (एनआईए) 15 जून 2026 से यात्रियों के लिए खुल जाएगा। एयरपोर्ट प्रशासन ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उद्घाटन के बाद यहां से कमर्शियल उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

एयरपोर्ट को संचालन की मंजूरी नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से एयरपोर्ट सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) क्लियर होने के बाद मिली है। इसके साथ ही सुरक्षा ढांचा, सिस्टम और ऑपरेशन सभी नियामकीय मानकों पर खरे पाए गए हैं। एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो संचा. लित करेगी। इसके बाद जल्द ही अकासा एयरलाइन और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगी। फ्लाइट शेड्यूल और गंतव्यों की जानकारी जल्द जारी की जाएगी।

**एनसीआर और पश्चिम यूपी को मिलेगा बड़ा फायदा:** हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए तैयार किए गए इस एयरपोर्ट में आधुनिक टर्मिनल, बेहतर ऑपरेशन सिस्टम और मजबूत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी दी गई है। इससे यात्रियों को आसान सफर के साथ एयरलाइंस को किफायती और भरोसेमंद संचालन का फायदा मिलेगा। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और पर्यटन, व्यापार व निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

**1.2 करोड़ यात्रियों की सालाना क्षमता:** यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 1 अक्टूबर 2021 से हुई थी। यह पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर आधारित है और इसकी रियायत अवधि 40 साल है। फिलहाल एयरपोर्ट में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल तैयार है, जिसकी सालाना क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। मास्टर प्लान के तहत इसे आगे बढ़ाकर 7 करोड़ से ज्यादा यात्रियों की क्षमता तक विकसित किया जाएगा।

**पर्यावरण के अनुकूल एयरपोर्ट:** एयरपोर्ट को 'नेट जीरो एमिशन' लक्ष्य के साथ विकसित किया गया है, जिसमें स्विस टेक्नोलॉजी और भारतीय आतिथ्य का संयोजन देखने को मिलेगा।

## फिल्म सिटी का शिलान्यास इसी माह कराने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी महीने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का शिलान्यास कर सकते हैं। इसके अलावा वह नई इकाइयों की नींव भी रख सकते हैं। अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यमुना सिटी के सेक्टर-21 में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी को एक हजार एकड़ में विकसित किया जाना है। परियोजना का पहला चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। इसके भू-लेआउट और मास्टर प्लान दोनों को मंजूरी मिल चुकी है। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड फिल्म सिटी बनाएगी। कुल 230 एकड़ क्षेत्र में से 155 एकड़ में औद्योगिक और 75 एकड़ में व्यावसायिक गति. विधियां विकसित की जाएंगी।

प्रथम चरण में फिल्म सिटी के निर्माण में कुल 1510 करोड़ का खर्च आएगा।यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इस वर्ष को रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। इस क्रम में एक माह में करोड़ों के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के शिलान्यास की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निमंत्रण भेजा गया है, वहां से जवाब मिलने के बाद तिथि घोषित की जाएगी।

## पानी के बकाए पर ब्याज में 40 प्रतिशत तक की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने दो साल बाद पानी के बकाया बिल और लगे जुर्माने पर ब्याज से राहत के लिए एमनेस्टी स्कीम 1 मई से प्रभावी कर दी है। अब इसमें पहले महीने 40 तो दूसरे महीने 30 और तीसरे महीने में बकाया जमा करने पर ब्याज पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। शहर में 90 हजार से ज्यादा पानी कनेक्शन हैं। इस राहत योजना की श्रेणी में 20 हजार से ज्यादा आवंटी शामिल होने का अनुमान है। आखिर बार यह योजना प्राधिकरण 2023 में लाया था। इसके बाद जो बकाएदार हैं उनको इंतजार था। प्राधिकरण के जल विभाग का 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। ब्याज पर छूट की योजना से बकाया जमा होने में तेजी आएगी। 6 अप्रैल को हुई बोर्ड बैठक में प्राधिकरण ने एमनेस्टी स्कीम लाने की मंजूरी ली थी।

प्राधिकरण के जल विभाग के जीएम आरपी सिंह ने बताया कि 1 अगस्त से यह योजना स्वतः समाप्त हो जाएगी। तय समय के बाद पूरा बकाया लिया जाएगा। योजना से जुड़ी और जानकारी व आवेदन के लिए बकाएदार प्राधिकरण के सेक्टर-5, 37 व 39 दफ्तर में जाकर संपर्क कर सकते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-026 में प्राधिकरण में जल-सीवर विभाग ने 126 करोड़ रुपये जमा करवाए हैं। वहीं अप्रैल माह में 38 करोड़ रुपये जमा हुए हैं।

### नए आगरा के मास्टर प्लान पर चार आपत्ति आईं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** न्यू आगरा अर्बन सेंटर के मास्टर प्लान पर आम लोगों की ओर से चार आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। यीडा ने आपत्तियों को लेकर मास्टर प्लान बनाने वाली कंपनी को सुधार कर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि यीडा न्यू आगरा अर्बन सेंटर विकसित करेगा। इसका करीब 14 हजार हेक्टेयर में मास्टर प्लान तैयार कराया गया था, जिसे बोर्ड में पास करने के बाद आम लोगों की आपत्ति के लिए सार्वजनिक किया गया था। अब यीडा ने कंपनी से सुधार के बाद अंतिम ड्राफ्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 300 बेड का ईएसआईसीअस्पताल

- श्रमिक दिवस पर अलॉटमेंट लेटर जारी, सीएम ने किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों के लिए कई नई सुविधाओं की घोषणा की गई। इस दौरान ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 300 बेड के नए ईएसआईसी अस्पताल के लिए अलॉटमेंट लेटर जारी किया गया। यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सीधा प्रसारण हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर जेवर में श्रमिकों के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल का शिलान्यास भी किया। 300 बेड का यह ईएसआईसी अस्पताल क्षेत्र के औद्योगिक विकास और श्रमिकों के स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि श्रमिकों के कल्याण के लिए उद्योगपति, एनजीओ और पुलिस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, कई औद्योगिक इकाइयों में ऑन-साइट क्लिनिक और महिला श्रमिकों के बच्चों के लिए क्रच सुविधाएँ शुरू की गई हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के 25 प्रमुख श्रमिक रिहायशी इलाकों में मोबाइल हेल्थ वैन तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक ही दिन में 200 से अधिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए जिले के 5 नए निजी अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है, जिससे अब अधिक अस्पतालों में कैशलेस इलाज संभव होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रमिकों के बच्चों और उनके परिवार वालों को भोजन भी परोसा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिक, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

हापुड़ से अंगूर लेकर लौटते समय अतरासी मार्ग पर हुआ भीषण हादसा

# डम्पर ने टैम्पो को रौंदा, दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। हापुड़ मंडी से अंगूर लेकर लौट रहे टेंपो को तेज रफ्तार डंपर ने ऐसी टक्कर मारी कि टेंपो सवार दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैम्पो उसमें फंसकर करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया।

शुक्रवार सुबह सवेरे लगभग चार बजे हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में अमरोहा-अतरासी मार्ग पर गांव सूदनपुर के पास हुआ। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फ्रेंडस कालोनी निवासी पिंटू टेंपो चलाता था। वह अमरोहा मंडी समिति में काम करता था। उनके साथ मोहल्ले का ही नीरज कुमार भी टेंपो पर ही काम करता था। शुक्रवार रात पिंटू व नीरज टेंपो में अंगूर लाद



कर हापुड़ मंडी गए थे। रात में दोनों वापस लौट रहे थे, तड़के में चार बजे जब वह अतरासी से अमरोहा जाने के लिए गांव सूदनपुर के पास पहुंचे तो अमरोहा की तरफ





- तड़के चार बजे हुआ भीषण हादसा, परिजनों में मचा कोहराम,
- हादसे के बाद पेड़ से टकराया डम्पर

से जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेपों डंपर में ही फंस गया और लगभग सौ मीटर तक घसीटता ले गया। इसके बाद डंपर दूसरी साइड जाकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में पिंटू व नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस पर पहुंची तथा टेंपो में फंसे पिंटू व नीरज के शव को बाहर निकाला। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए थे। क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में ले लिए। सीओ सदर अभिषेक यादव ने



बताया कि मामले में अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# सूखी नहर में मिला युवक का अर्द्धनग्न शव

## गले के निशान व शरीर पर लगी है चोट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। सूखी पड़ी मध्य गंगा नहर में एक युवक का अर्धनग्न शव मिला है। युवक के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। गले और शरीर पर चोट के गहरे निशान और मुंह-नाक से निकला खून किसी गंभीर वारदात की ओर इशारा कर रहा है। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। हालात हत्या की आशंका जता रहे हैं, हालांकि मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव दुर्गपुर व रामपुर घना के जंगल की है। दोनों गांव के बीच से मध्य गंगा नहर गुजर रही है। नहर सूखी पड़ी है।शुक्रवार सुबह खेतों पर काम करने जा रहे लोगों ने नहर में एक युवक का शव पड़ा देखा। शरीर पर कपड़ों नहीं थे, सिर्फ एक अंडरवियर था। मृतक की उम्र लगभग 22 साल के करीब है। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। फोरेसिंक टीम को

- **हत्या की आशंका, शव की नहीं हो सकी शिनाख्त**

बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के गले व शरीर पर चोट के निशान हैं, जिन्हें देख लग रहा था कि उसके साथ मारपीट की गई है। इसके साथ ही उसके मुंह व नाक से खून भी निकल रहा था। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। चर्चा है कि युवक की हत्या कर शव नहर में फेंका गया है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास जारी है। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा, फिलहाल मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है, आसपास थानों में भी संपर्क किया गया है।

# क्लीनिक के लिए निकला डॉक्टर हुआ लापता

## मोबाइल बंद, परिजन चिंतित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। निजी अस्पताल संचालक डॉक्टर के अचानक लापता हो जाने से सनसनी फैल गई। घर से कार लेकर अस्पताल के लिए निकले डॉक्टर का घंटों बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। मोबाइल फोन बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे परिजन गहरे सदमे में हैं। डॉ.शिव कुमार अपनी पत्नी टीना व दो बच्चों के साथ स्थानीय जोया रोड स्थित अमरोहा ग्रीन्स कॉलोनी में रहते हैं। मोहल्ला जय ओम नगर में उनका प्रकाश चिल्ड्रन हॉस्पिटल के नाम से अस्पताल है जबकि जोया रोड पर भी एक नया क्लीनिक निर्माणाधीन है। परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे डॉ.शिव कुमार अपनी कार से अस्पताल के लिए निकले थे, लेकिन इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। जब काफी देर तक भी वह अस्पताल नहीं पहुंचे तो तलाश शुरू की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। मोबाइल फोन बंद होने के चलते संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। घटना से चिंतित



उनकी पत्नी टीना ने अमरोहा देहात थाने में तहरीर देते हुए पति को तलाश करने की मांग की। उधर, डॉक्टर के अचानक लापता होने की खबर से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पदाधिकारी भी हैरान हैं और लगातार जानकारी जुटा रहे हैं। इस बावत सीओ अवध भवन भदौरिया ने बताया कि डॉक्टर की तलाश के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही है हालांकि, मोबाइल नंबर बंद होने के कारण लोकेशन ट्रेस करने में कुछ दिक्कत आ रही है। उम्मीद जताई कि जल्द ही डॉ.शिव कुमार को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# तकरीरों से नहीं, अमल से होगा समाज में सुधार

## जमियत उलेमा की बैठक, बुराईयों का खात्मा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जमीयत उलेमा हिन्द की अमरोहा शहर इकाई के जलसे में समाज में फैली बुराईयों पर चिंता व्यक्त की गई। इन बुराईयों का खात्मा वक्त की बड़ी जरूरत करार दिया गया। उलेमाओं ने इन बुराईयों के खिलाफ मुहिम चलाने पर जोर दिया।

शहर के मोहल्ला दरबार कलां स्थित मस्जिद बसरी बेगम में गुरुवार रात आयोजित जलसे का आगाज तिलावते कुरान-ए-पाक से मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने किया जबकि नूर-ए-उमर ने नाते पाक का नजराना पेश कर माहौल नूरानी बना दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यवाहक सदर जमीयत उलेमा हिन्द एवं मोहतमिम जामिया इस्लामिया अरबिया जामा मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद हमजा मौजूद रहे। जमीयत की यूनिट 2 के महासचिव फहीम नबी सिद्दीकी ने पिछले जलसे की कार्रवाई को पेश किया। इसके बाद उन्होंने जनगणना में कर्मचारियों के सहयोग और इस्लाह-ए मुआशरा( समाज सुधार) को लेकर नया एजेंडा रखा। जिसका सभी सदस्यों ने एकमत होकर समर्थन किया। मुफ्ती हमजा अब्बासी ने कहा कि समाज में फैली बुराईयों को खत्म करने के लिए सिर्फ तकरीरों से काम चलने वाला नहीं है बल्कि



हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे आकर काम करना होगा। आगे कहा कि दहेज और शादियों में जरूरत से ज्यादा चकाचौंध एक ऐसी बीमारी हो चुकी है जो हमारे समाज बिगाड़ पैदा कर रही है, जिसे रोकना बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया। कारी इरशाद, फहीम नबी, अनवर फरीदी, मोहम्मद आसिफ,कमर नकवी ने भी जलसे में अपने ख्यालात पेश किए। आखिर में बैठक के कन्वीनर सभासद शमीम उद्दीन ने सभी का शुक्रिया अदा किया। अध्यक्षता मुफ्ती मोहम्मद सलमान व संचालन कारी हनीफ सिद्दीकी ने किया। इस दौरान मौलाना गुफरान, नवाब खान,आदिल नबी, अजीम खान, मोहसिन खान, आलम मंसूरी, शोएब खान,आलीशान सिद्दीकी, कारी साकिब नवाज, तलहा नवाब, शुमाइल, आलमगीर शिम्मी व आसिफ समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## मजदूरी करने निकला था घर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मेंथा के खेत में युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद में उस वक्त सनसनी फैल गई। जब जंगल में स्थित एक मेंथा के खेत में युवक का शव पेड़ से लटका पाया गया। किसान विपिन कुमार सैनी के खेत में सुबह जब ग्रामीण काम करने पहुंचे, तो उन्होंने एक अज्ञात युवक को आम के पेड़ पर फंदे से झूलता देखा। घ्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कोमल तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर नीचे उतारा। मृतक की उम्र करीब 22 से 25 वर्ष बताई जा रही है। जिसने सफेद टी-शर्ट और मटमैले रंग की पैंट पहनी हुई थी। युवक का शव पेड़ से लटका हुआ शाम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के फोन से उसकी पहचान गौरव जाटव पुत्र रामपाल आयु 28 वर्ष के रूप में हो गई। युवक जनपद संभल के थाना नखासा के गांव देहपा का रहने वाला था। और 3 महीने से अपनी ससुराल आदमपुर में रह रहा था। बुधवार को वह घर से मजदूरी करने के लिए कह कर निकला था। मृतक अपने पीछे पत्नी अनीता बेटे तथा बेटी को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मजदूर दिवस पर औद्योगिक क्षेत्र में अलर्ट रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मजदूर दिवस पर औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की खासी सतर्कता रही। पुलिस ने दोनों औद्योगिक खण्डों पर लगातार गश्त किया, हालाँकि

- **स्थानीय के साथ अन्य थानों की पुलिस भी रही तैनात**

नगर की किसी भी इकाई पर श्रमिकों द्वारा किसी प्रकार की सभा आदि नहीं की गयी।

बता दें कि अभी कुछ दिनों पूर्व नॉएडा में मजदूर आंदोलन हुआ था। जिसके बाद गजरौला में भी पुलिस ने सतकर्ता बढ़ाई थी, क्यूंकि गजरौला भी एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। पुलिस ने मजदूरों को आंदोलन आदि के लिए भड़काने के आरोप में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया था, वहीं औद्योगिक इकाईयों में भी जाकर मजदूरों को शांति पूर्ण वातावरण में काम करने की अपील करते हुए शासन की गाइडलाइनों से भी रूबरू कराया था।



इसी क्रम में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर नगर की औद्योगिक खण्ड प्रथम और द्वितीय में पुलिस ने काफी सतर्कता बरती। स्थानीय पुलिस के साथ रजबपुर, बछरायूं और धनौरा आदि थानों की पुलिस भी यहाँ पर तैनात रही। हालाँकि नगर की किसी भी इकाई पर मजदूरों द्वारा किसी प्रकार की सभा आदि नहीं की गयी। इधर पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की पोस्टों पर भी नजर रखी, क्यूंकि पहले इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डालकर ही मजदूरों को आंदोलन के लिए भड़काने का प्रयास किया गया था।

पत्नी से छेड़छोड़ के विरोध पर हुई थी हत्या, कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या करार दिया

# कालू हत्याकांड के दोषी को दस साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। देहात क्षेत्र के बहुचर्चित कालू हत्याकांड में तीन साल बाद अदालत का फैसला आया है। शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने घटना को हत्या नहीं बल्कि गैर इरादतन हत्या करार दिया, जिसमें गुस्से में किए गए हमले ने एक युवक की जान ले ली थी।

तीन वर्ष पुराना मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र से जुड़ा था। क्षेत्र के गांव जमपुरी निवासी किसान जसवंत सिंह के बेटे संजीव उर्फ कालू 6 मार्च 2023 की शाम में बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। पूछने परउन्होंने परि. जनों को सिर्फ इतना बताया था कि वह गांव बमनिया में नितिन से मिलने जा रहे हैं। लेकिन फिर देर तक वह घर नहीं लौटे थे, तलाश के बीच अगले दिन उनका शव चकिया से ईदगाह की ओर जाने वाली सड़क पर रक्तरंजित हालत में मिला था। गला काटकर बेदर्दी से हत्या किए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद मृतक की मां इमलेश देवी की तहरीर पर पुलिस ने शुरुआत में नितिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था लेकिन विवेचना के दौरान मामला अलग निकला था। पुलिस ने नितिन का नाम हटा दिया और साक्ष्यों के आधार पर गांव झनकपुरी निवासी सगे भाई विनोद उर्फ पप्पू व अनूप सिंह उर्फ हेतराम को आरोपी बनाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दोनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी। फिलहाल दोनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुना। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने आरोपियों को कड़ी सजा देने से जुड़ा अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर मामले को हत्या नहीं बल्कि गैर इरादतन हत्या से जुड़ा माना। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मृतक संजीव उर्फ कालू द्वारा दोषी की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की गई थी। गुस्से में उसने धारदार हर्घथियार से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई। कोर्ट ने इसी आधार पर विनोद उर्फ पप्पू को दोषी ठहराते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना।

# चोरों ने घर से दो लाख का सामान किया साफ

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बीच बीती रात अज्ञात चोरों ने गांव के बाहरी छोर पर स्थित हरि ओम पुत्र फूल सिंह के घर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़ दिये। और वहां रखी 23,000 रुपये की नकदी सहित सोने-चांदी के कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी किये गये कुल सामान की कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है। इतना ही नहीं, घर के अंदर चोरी करने के बाद शातिर चोर मकान के पिछले हिस्से में नकब लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान आहट होने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य अचानक जाग गये। घर के लोगों को जागता देख चोर चोरी किया हुआ माल समेटकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गये। परि. जनों द्वारा तुरंत सूचना देने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का आश्वा. सन दिया है। इस घटना से ग्रामीणों में भय और रोष का माहौल है।

# स्टेडियम की जमीन पर चला बुल्डोजर

## टीम का विरोध, जेसीबी के आगे लेटी महिलाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र के गांव कौराला में शुक्रवार को खेल मैदान स्टेडियम की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं जेसीबी के आगे लेट गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। शुक्रवार दोपहर एसडीएम शैलेश दुबे के निर्देश पर तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ गांव कौराला पहुंची। प्रशासन का कहना था कि खेल मैदान स्टेडियम की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। राजस्व टीम ने पैमाइश के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। जैसे ही जेसीबी ने कब्जा हटाने का कार्य शुरू किया, वहां मौजूद ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ महिलाएं जेसीबी मशीन के आगे लेट गईं और कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया। महिलाओं के विरोध के चलते कुछ देर तक कार्रवाई बाधित रही। मौके पर ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और लोगों को समझाकर शांत कराया। काफी देर तक चले विरोध और हंगामे के बाद प्रशासन ने कार्रवाई जारी रखी। राजस्व टीम ने भूमि की पैमाइश कराकर सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया। एसडीएम शैलेश दुबे ने बताया कि गांव कौराला में खेल मैदान स्टेडियम की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। उसी के आधार पर राजस्व टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि कुछ महिलाओं ने विरोध करते हुए जेसीबी के आगे लेटकर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाद में भूमि को कब्जामुक्त करा लिया गया। प्रशासन ने जमीन की पैमाइश कराकर पिलर लगवा दिए हैं तथा कुछ स्थानों पर दोबारा कब्जा रोकने के लिए जेसीबी से खाई भी खुदवाई गई है।

## गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने लोगों से गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जोया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सदस्य विधान परिषद परवेज अली ने गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा प्रसाद वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन अत्यंत पवित्र होता है, क्योंकि इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बोधगया) और महापरिनिर्वाण (कुशीनगर) हुआ था। उन्होंने लोगों से गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने और समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में जाहिद हुसैन, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, मास्टर अजीत सिंह, साजिद अली, कामेश प्रधान, जयवीर सिंह, महेश सिंह, हीरा सिंह, हरस्वरूप सिंह, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएं एक पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के "दीदारगंज (एनईआर)-शाहगंज-बिलवई स्टेशन बाईपास (शाहगंज जंक्शन)" और मुफ्तीगंज (एनईआर)- जौनपुर जंक्शन-महगवां बाईपास (जौनपुर जंक्शन) को जोड़ने वाली कॉर्ड लाइन के संबंध में B.G. ट्रैक और टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट और SEG का प्रावधान, Cess में बैलास्ट की सप्लाई, बैलास्ट की हैंडलिंग, लिफ्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं फैलाव, P-way सामग्री को पहुंचाना, और अन्य संबंधित कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 10 (दस) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 887.34 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 17,74,700/- मात्र |
| 5 | ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 22.05.2026 को 15:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 22.05.2026 को समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 01.05.2026 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 08.05.2026 से 22.05.2026 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 14-टेण्डर/उपमुईजी/नि.-II/वाराणसी दिनांक: 30.04.2026 1463/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्कूल जा रही नाबालिग से रास्ते में अभद्रता, हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती को रास्ते में रोककर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवती अपने छोटे भाई-बहन को स्कूल से लेने जा रही थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 29 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे हुई। थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती अपनी स्कूटी से अपने भाई-बहन को लेने गई थी। स्कूल गेट से कुछ आगे पहुंचने पर युवक ने उसकी स्कूटी जबरदस्ती रोक ली। आरोप है कि लक्की ने युवती को गंदी-गंदी गालियां दीं। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। आस-पास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी लक्की के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में जांच शुरू कर दी गई है।

# RR ने दिल्ली को 226 का टारगेट दिया

### पराग शतक से चूके फरेरा के तेज 47 रन स्टार्क को 3 विकेट

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को दिल्ली कैपिल्टस के खिलाफ 226 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। होम टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली।

50 बाल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बाल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3



राजस्थान रॉल्स के कप्तान रयान पराग को अर्द्धशतक बनाने पर बधाई देते जुरेल।

विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर में टी. नटराजन ने 18 रन खर्च कर दिए। फरेरा ने उनके इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। ओवर की पहली बाल पर नजराजन ने शुभम दुबे को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर में राजस्थान ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डोनोवान फरेरा ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। उन्होंने आखिरी बाल पर छक्का भी लगाया। 18वें ओवर में कुलदीप यादव ने 20 रन खर्च कर दिए। डोनेवान फरेरा ने कुलदीप यादव के इस ओवर में तीन छक्के लगाए। उन्होंने तीसरी, चौथी और छठी बाल पर सिक्स लगाया। 17वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बाल पर रवींद्र जडेजा (20 रन) को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। फिर चौथी बाल पर रियान पराग (90 रन) को अक्षर पटेल से कैच कराया। स्टार्क ने यशस्वी जायसवाल का विकेट भी लिया। 16वें ओवर में रियान पराग ने काइल जैमिसन की बाल पर लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। जैमिसन के इस ओवर से 15 रन आए। 13वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा रनआउट होने से बच गए। नटराजन की गेंद आफ स्टंप के काफी बाहर थी। जडेजा ने इसे हल्के से थर्ड मैन की तरफ खेला और ऐसे रन के लिए दौड़ पड़े, जो था ही नहीं। वे तो क्रीज में वापस आने की कोशिश भी छोड़ चुके थे, लेकिन बैकवर्ड पाइंट से अशुतोष का थ्रो काफी दूर से चूक गया और बड़ा मौका निकल गया। 12वें ओवर की चौथी बाल पर अक्षर पटेल ने ध्रुव जुरेल को ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी बनते ही टूट गई। इससे पहले तीसरी बाल पर जुरेल ने छक्का लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया था।

## हैदराबाद ने शिवम की जगह अंबरीश को टीम में लिया



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए शिवम मावी की जगह आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है। शिवम मावी, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं, ग्रोइन में चोट लगने के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। आरएस अंबरीश, जो एक ऑलराउंडर हैं, आईसीसी मेन्स अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त खिलाड़ी भी थे, उनके नाम 11 विकेट थे। अंबरीश, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, एसआरएच में 30 लाख रुपये में शामिल होंगे।

**खेल विशेष**

### चोटिल सैंटनर एक महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर कंधे में लगी गंभीर चोट के कारण कम से कम एक महीने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। आज यहां न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सैंटनर को ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट है, जिससे वह आयरलैंड के एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। सैंटनर को 23 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए फील्डिग करते समय कैच लेने के प्रयास में कंधे पर चोट लगी थी। उनका सिर भी जमीन पर टकरा गया था जिसके बाद मुम्बई इंडियंस ने उनके कनकशन रिप्लेसमेंट के तौर पर शार्दुल ठाकुर को बुलाया। बाद में उन्हें ड्रेसिग रूम में कंधे

### भारतीय टीमें टेबल टेनिस चैंपिशिप में स्टेज 2 में पहुंची

**लंदन।** भारत की पुरु और महिला टीमें अपने-अपने स्टेज 1 ग्रुप में जीत के साथ शीर्ष पर रहने के बाद आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के स्टेज 2 में पहुंच गईं। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रवांडा को 3-0 से हराया, जबकि पुरुों ने ओवीओ एरिना वेम्बली में ग्वाटेमाला को हराया। इससे पहले, भारतीय महिलाओं ने युगांडा के खिलाफ वॉकओवर के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 6 में शीर्ष पर रहीं। दूसरी ओर, भारतीय पुरु टीम ने अपने पहले मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-0 से हराया और फिर दूसरे मुकाबले में स्लोवाकिया को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 7 में शीर्ष पर रहीं। वर्ल्ड नंबर 48 और ओलंपियन मनिका बत्रा ने भारतीय महिला टीम के लिए शुरुआत की, उन्होंने चैंटल हिरवा को 3-0 (11-3, 11-3, 11-3) से आसानी से हरा दिया।

### इन्फेंटिनो ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी की पुष्टि की

**वैंकूवर, वार्ता।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने गुरुवार को फिर से पुटि की कि ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा और अपने मैच अमेरिका में ही खेलेगा, जैसा कि पहले से तय था। इन्फेंटिनो ने वैंकूवर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 76वीं फीफा कांग्रेस के दौरान ए बातें कहीं। हालिया क्षेत्रीय तनावों के बीच ईरान की भागीदारी को लेकर चल रही अफवाहों पर बात करते हुए इन्फेंटिनो ने कहा कि मैं सीधे तौर पर यह पुटि करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहूंगा कि, बेशक, ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा। और निश्चित रूप से, ईरान अपने मैच अमेरिका में ही खेलेगा। यह पुटि तब सामने आई जब ईरानी अधिकारियों ने पहले सुझाव दिया था।

## 17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर कुमार के पास

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट लेते हुए पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। इस सीजन में उन्होंने पांचवीं बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है।

भुवनेश्वर कुमार ने गुरुवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही इस सीजन उनके कुल 17 विकेट हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिगा 15 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कगिसो रबाडा के हाथ गुरुवार को एक ही विकेट लगा और तीसरे स्थान पर 14 विकेट के साथ वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा



आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं ऑरेंज कैप को लेकर इस मैच में अधिक बदलाव नहीं हुआ, इसलिए क्योंकि विराट कोहली ने 28, शुभमन गिल ने 43 रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं था। बी साई सुदर्शन भी मात्र छह ही रन बना पाए। इसके परिणामस्वरूप बुधवार रात तक पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी अपने-अपने स्थान पर बने हुए हैं। इसके साथ ही यह तीन मात्र ऐसे बल्लेबाज हैं।

## आखिरी उम्मीद बनाए रखने के लिए उतरेंगे मुंबई इंडियंस

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 44वें मैच में एक बार फिर दो पुराने राइवल आमने-सामने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर में मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना करेगी और सीजन में दूसरी बार उन्हें हराने की कोशिश भी करेगी। इस सीजन आठ में से छह मैच गंवा चुकी मुंबई भी कोशिश करेगी कि अपने घर में मिली करारी हार का बदला चेपक में ले पाए। हालांकि, उनके लिए यह आसान नहीं होने वाला है।

मुंबई के लिए यह मैच आखिरी उम्मीद बनाए रखने वाला मैच है जबकि एक जीत चेन्नई को प्लेऑफ की होड़ में बनाए रखेगी। बुमराह और बोल्ट लेंगे सीएसके



की सलामी जोड़ी की परीक्षा जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में सीएसके की सलामी जोड़ी ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को जल्दी आउट करने की कोशिश करेंगे। बोल्ट पहले ही दोनों को तीन-तीन बार आउट कर चुके हैं, जो उन्हें एक बड़ा खतरा बनाता है। गायकवाड़ ने बोल्ट के खिलाफ छह पारियों में सिर्फ 34 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 110 है। जबकि बुमराह के खिलाफ गायकवाड़ ने चार पारियों में 29 रन बनाए हैं और एक बार भी आउट नहीं हुए और उनका स्ट्राइक रेट 153 रहा है। वहीं सैमसन का रिकॉर्ड बुमराह के खिलाफ 14 पारियों में 84 रन और दो बार आउट हुए हैं जबकि उन्होंने 114 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। बोल्ट के खिलाफ आठ पारियों में उन्होंने 32 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 119 का रहा है। मुंबई के मिडिल ऑर्डर के सामने स्पिनर्स की चुनौती मुंबई के मिडिल ऑर्डर सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या को नूर अहमद और अकील हुसैन जैसे स्पिनर्स के खिलाफ चुनौती का सामना करना होगा।

## पर्याप्त सबूत, वैध नहीं था होल्डर का कैचः इयान बिशप

**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इयान बिशप का मानना है कि गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू (आरसीबी) के बीच गुरुवार की रात खेले गए मैच में जेसन होल्डर द्वारा रजत पाटीदार का पकड़ा गया कैच पूरी तरह वैध नहीं था।

इयान बिशप ने क्रिकइंफो के स्टूडियों में अभिनव मुकुंद के साथ होल्डर के कैच पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेरी बहस इस चीज पर होगी: जेसन होल्डर ने पहले गेंद को पकड़ा जिसमें कोई समस्या नहीं थी। फिर शुरुआत में जब उनका हाथ स्लाइड कर रहा था तो उस पर विशो ध्यान दिया जाना चाहिए था। इसके बाद हाथ



के नियंत्रण की बात करते हैं और साथ ही शरीर के नियंत्रण की भी। जब आप मैदान पर स्लाइड करने के बाद खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं तो क्या वे ए मान रहे हैं कि उंगलियां गेंद के नीचे थीं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हाथ का पिछला हिस्सा ऊपर की ओर था जिसका मतलब है कि गेंद मैदान की ओर थी। अब मेरे लिए संदेह की बात गेंद और जमीन को लेकर है क्योंकि जब तक आप स्लाइड करना नहीं रोक लेते हैं और वापस खड़े हो जाते हैं तब आपका शरीर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। तो, आउट या नॉट आउट। मुझे लगता है कि मेरे दिमाग में इस बात के पर्याप्त सबूत थे कि ए 'नॉट आउट' था। मैं जानता हूं कि नियमों में भी काफी अस्पटता है। लेकिन यदि गेंद जमीन पर छू रही है तो मेरे लिए ए नॉट आउट है। जो मैंने देखा वह मुझे भरोसा है कि टीवी अंपायर ने भी देखा होगा और हमारे ढेर सारे दर्शकों ने भी कि गेंद जमीन पर छू रही थी। अभिनव मुकुंद ने कहा कि एमसीसी के क्रिकेट के नियम कहते हैं कि कैच तभी वैध माना जाता है जब फील्डर का गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरी तरह नियंत्रण रहे इससे पहले कि गेंद जमीन को छू जाए। इससे कैच वैध माना जाएगा।

## सायली सतघरे, साइमा ठाकोर व हुमैरा 'आइकन प्लेयर्स' घोषित

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने सायली सतघरे, साइमा ठाकोर और हुमैरा काजी को पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए 'आइकन प्लेयर्स' के तौर पर घो. ाित किया है। यह इस प्रतियोगिता के पहले सीजन से पहले इसे आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

सायली 'सोबो मुंबई फाल्कन्स' का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशः 'ठाणे स्काई राइजर्स' और 'आकाश टाइगर्स' टीम में शामिल होंगी। सायली और साइमा, दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंरर्राट्रीय अनुभव लेकर आएंगी, वहीं, हुमैरा घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं और उन्हें 'इंडिया-ए' टीम के साथ खेलने का अनुभव भी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने कहा कि आइकन प्लेयर्स का चयन पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है, जो प्रतिभाओं को निखारे, घरेलू क्रिकेट की संरचना को मजबूत करे और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान दे। ए खिलाड़ी अपने साथ बेजोड़ गुणवत्ता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता लेकर आती हैं, जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा उठेगा और पूरे शहर की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने आगे कहा कि ए आइकन प्लेयर्स टीमों की मजबूत पहचान बनाने और एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। इनकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि लीग की शुरुआत अनुभव और उत्साह के सही तालमेल के साथ हो, क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला क्रिकेट के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाला मंच तैयार करना है। टी-20 मुंबई लीग और टी-20 मुंबई महिला लीग, दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार (2 मई) को होगी, जिसका जियो हॉटस्टार पर सुबह 9 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नीलामी के लिए कुल 2,411 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 2,048 पुरु और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह आंकड़ा शहर में मौजूद क्रिकेट प्रतिभाओं के विशाल दायरे और गहराई को दर्शाता है।

## इस सीजन के आखिर में टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी केई लेंगे संन्यास

**टोक्यो, वार्ता।** ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरु और रियो ओलंपिक 2016 के कांस्य पदक विजेता जापान के निशिकोरी केई ने इस सीजन के आखिर में टेनिस से संन्यास लेने की घोाणा की है।

36 साल के निशिकोरी केई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर जापानी और इंग्लिश में लिखा कि आज, मैं एक घोाणा कर रहा हूं। मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब मैं बच्चा था, तब से मुझे टेनिस का जुनून रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है 'मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुक. ाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, सबसे ऊंचे स्तर के मुकाबले में खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीज है जिस पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, खचाखच भरे एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता। निशिकोरी ने पहली बार पांच साल की उम्र में रैकेट उठाया था, और 13 साल की उम्र में चले गए। उन्होंने फरवरी 2008 में डेलरे बीच ओपन में टूर पर अपना पहला खिताब जीता। जापान के पहले पुरु खिलाड़ी जो कभी टॉप 10 में पहुंचे, निशिकोरी ने 2014 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में उस समय के टॉप रैंक वाले नोवाक जोकोविच को हराया (वह चैंपियनशिप मैच में मारिन सिलिक से हार गए)। रियो में अपने दूसरे ओलंपिक में, निशिक. ोरी ने कांस्य पदक मुकाबले राफेल नडाल को हराया। हालांकि, निशिकोरी अपने पीक सालों में कई चोटों के कारण एक मुश्किल ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका चूक गए। अभी उनके करियर में 451 जीत और 12 खिताब हैं। निशिकोरी ने कहा कि ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से मैं फ्स्ट्रेशन और एंग्जायटी से बहुत ज्यादा परेशान हो जाता था, जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था। फिर भी, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जदिगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है।

## फेडरर, नडाल व सिनर की उपलब्धि की बराबरी कर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर अपनी शानदार निरंतरता बनाए रखी, जहां उन्होंने फ्लेवियो कोबोली को आसानी से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

म्यूनिख सेमीफाइनल में कोबोली से हारने के ठीक 12 दिन बाद, ज्वेरेव ने मनोलो सैन्टाना स्टेडियम के अंदर 6-1, 6-4 की जबरदस्त जीत के साथ पासा पलट दिया। दो बार के मैड्रिड चैंपियन ने स्पेनिश राजधानी में अपने चौथे सेमीफाइनल के रास्ते में, अपनी पहली सर्विस पर 39 में से सिर्फ सात अंक गंवाए। ज्वेरेव ने कहा कि कोई बदला नहीं। मैं फ्लेवियो



को पसंद करता हूं। वह टूर पर मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक है।

मेरे उसके साथ और उसके पिता के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। यह खेल हैं, खेल बहुत तेजी से बदल सकता है। म्यूनिख में, उसने एक शानदार मैच खेला और मैंने बहुत अच्छा मैच नहीं खेला। आज, शायद इसका उल्टा हुआ। अपनी 90 मिनट की जीत के साथ, ज्वेरेव 1990 में इस सीरीज के शुरू होने के बाद से, सीजन के पहले चार मास्टर्स 1000 इवेंट में से हर एक के सेमीफाइनल में पहुं. चने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने रोजर फेडरर (2006), राफेल नडाल (2010, 2011) और जानिक सिनर (2026) की बराबरी की है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में इसी चरण में सिनर से हार गए थे। मैड्रिड सेमीफाइनल में अपने 3-0 के शानदार रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की चाह में, ज्वेरेव का अगला मुकाबला शुक्रवार शाम के सेशन में 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स से होगा। ब्लॉकक्स, जो वर्ल्ड नंबर 69 हैं, ने इससे पहले डिफेंडिग चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# सम्पादकीय

## बांग्लादेश का विरोध

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा के एक बयान को लेकर गुरुवार को ढाका में भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाघे को विदेश मंत्रालय ने तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराने की बात सामने आई है। यूं तो मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा अपने कई विवादित बयानों को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन ताजा मामले में 26 अप्रैल को हेमंत बिसवा ने कहा था कि असम में पकड़े गए 20 विदेशी नागरिकों को पुशबैक कर बांग्लादेश भेज दिया गया है। तभी से उनके इस बयान पर विवाद शुरू हो गया और बांग्लादेश ने ऐतराज जताना शुरू कर दिया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने उनकी इस टिप्पणी को काउंटर प्रोडक्टिव बताया और साफ कहा कि इससे दोनों देशों के बीच विश्वास पर असर पड़ सकता है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से बेहद मजबूर रहेंगे। इन रिश्तों की नींव 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पड़ी थी। जब भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी। यह आजादी हमारे जवानों ने अपनी जान की बाजी खेलकर पाकिस्तान से दिलाई थी, लेकिन देखने में आ रहा है कि पिछले कुछ समय से बांग्लादेश के साथ रिश्ते हमारे ठीक दिशा की ओर नहीं जा रहे हैं। विशेषकर घुसपैठियों को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव देखने में आता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कोई भी देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा, भारत भी नहीं। अगर भारत सरकार यह चाहती है कि कोई विदेशी घुसपैठिया भारत में प्रवेश न करे, तो उसका हर कोई समर्थन करेगा और इस पर किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि बांग्लादेश हमारा पड़ोसी देश व परम मित्र है, तो ऐसे में घुसपैठिए को लेकर टिप्पणी में संयम बरतना भी चाहिए। वह टिप्पणी इस अंदाज में नहीं होनी चाहिए जिससे किसी देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचती हो। दुर्भाग्य से ऐसा कई बार देखने में आया कि जब सरकार में जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति ने घुसपैठिए को लेकर कठोर टिप्पणी कर डाली। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा सरमा तो दिन-रात बांग्लादेश घुसपैठियों का राग अलापते ही रहते हैं। जाहिर है ऐसे में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील बन जाता है। जिस तरह आज दुनिया का हाल हमारे सामने है, उसको देखते हुए भारत को विदेशी संबंधों के मामले में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केवल राजनीतिक एजेंडा पूरा करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दूरगामी परिणाम भी देखने होते हैं। जैसाकि इस समय देखने में भी आ रहा है कि ढाका में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद दोनों देशों के संबंध बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## डेंगू और मलेरिया को लेकर रहना होगा सतर्क





रोहिताश सिंह वर्मा

> डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है।

डेंगू और मलेरिया दोनों ही रोग मच्छर जनित हैं। फर्क इतना है कि मलेरिया का मच्छर रात में काटता है, जबकि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है, इसलिए दोनों रोगों को लेकर अभी से सतर्क रहना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सरकारी परामर्शों के अनुसार बीमारियों से बचने के लिए तुरंत अहतियाती उपाय शुरू कर देने चाहिए। कूलर, गमले, टायर और खुले बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक पानी जमा न रहने दें, दिन में सोते समय भी मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े और फुल पैंट पहनें। विशेषकर बच्चों के लिए घर में सुबह और शाम को मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें। घर के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करें। तेज बुखार, कमजोरी, या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें। यह याद रखना चाहिए कि सावधानी हटी, बीमारी बढ़ी।


इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है। यही वह अवस्था है, जो एक रोगी को शारीरिक और मानसिक बीमार कर देती है। इसलिए इसका समय रहते इलाज जरूरी है। मेडिकल शिक्षा के अनुसार जुलाई से अक्टूबर तक बारिश के कारण चारों तरफ पानी जमा हो जाता है, जो डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने के लिए सबसे अनुकूल माहौल होता है, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में रहना पसंद करता है। सितंबर और अक्टूबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा उछाल देखा जाता है। नवंबर में भी कभी-कभी शुरुआती सर्दियों के महीनों में भी डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं, क्योंकि उस समय भी मच्छर पनपते रहते हैं। मलेरिया फैलाने वाले मादा एनाफिलीज मच्छर के लारवा मुख्य रूप से बरसात के मौसम (जुलाई से सितंबर-अक्टूबर) के दौरान सबसे तेजी से वृद्धि करते हैं।

इस दौरान मच्छर के प्रजनन और लारवा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल स्थितियां होती हैं। गर्मी में भी मार्च से लेकर मई में भी जब लोग पानी जमा करके रखते हैं, तब भी कूलर और पानी की टंकियों में मच्छर तेजी से पनप सकते हैं। अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में 4 से 14 दिन लगते हैं। नेशनल सेंटर फार वेक्टर-बॉर्न डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया कई क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी इस बीमारी से प्रभावित क्षेत्रों में रहती है। मलेरिया तब होता है जब संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर प्लास्मोडियम परजीवी को रक्तप्रवाह में इंजेक्ट करता है। परजीवी परिपक्व होने के लिए यकृत(लीवर) में चले जाते हैं, फिर लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी)को संक्रमित करने के लिए रक्तप्रवाह में वापस आ जाते हैं, जिससे मलेरिया के लक्षण पैदा होते हैं। संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10 से 15 दिन बाद मलेरिया के लक्षण आम तौर पर दिखाई देते हैं। सामान्य लक्षणों में तेज बुखार के चक्रीय एपिसोड जिसके बाद ठंड लगना और पसीना आना, गंभीर सिरदर्द होना आम बात है, कुछ लोगों को मतली और उल्टी जैसे जठरांत्र संबंधी लक्षण अनुभव होते हैं, सामान्य मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक थकान, परजीवियों द्वारा लाल रक्त कोशिक. ाओं को नष्ट करने के परिणामस्वरूप एनीमिया, लीवर की वजह से गंभीर मामलों में त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, संक्रमित लाल रक्त कोशिकाओं को निकालने की को. शिश करने पर तिल्ली बढ़ सकती है, गंभीर मामलों में विशेष रूप से प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के साथ सेरेब्रल मलेरिया (मस्तिष्क को प्रभावित करना), श्वसन संकट, अंग विफलता और मृत्यु जैसी जटिलताएं हो सकती हैं।

डेंगू के प्रमुख लक्षण: अचानक बहुत तेज बुखार (102-103) आना। आंखों के पीछे बहुत तेज दर्द होना। जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द (जिसे हड्डी तोड़ बुखार) भी कहा जाता है। इसके अलावा जी मिचलाना, उल्टी और त्वचा पर लाल चकत्ते आना। एडीज एजिप्टी नाम का मच्छर डेंगू को फैलाता है। यह मच्छर किसी डेंगू से बीमार व्यक्ति को काटता है और उसका खून पीने के साथ ही डेंगू वायरस भी अपने शरीर में ले लेता है, लेकिन यह वायरस तुरंत किसी और को संक्रमित नहीं कर सकता। इस वायरस को पूरी तरह से एक्टिव होने में 8 से 12 दिन लगते हैं। तब तक यह वायरस उस मच्छर के पेट में ही रहता है। इस समय के बीत जाने के बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो अपने साथ लाया हुआ खतरनाक डेंगू वायरस उस व्यक्ति के खून में छोड़ देता है। यही वायरस उस व्यक्ति को बीमार बना देता है, जिसे हम डेंगू बुखार कहते हैं। डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या में उतार-चढ़ाव आता है। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति का प्लेटलेट्स 1.5 से 4 लाख यूनिट के बीच होना चाहिए। यदि प्लेटलेट्स 1 लाख से कम हो जाते हैं, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत देता है।

## श्रीमुख से...

### श्रम संहिता से कामगारों की स्थिति कमजोर हुई



बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है, उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है, इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा हायर एंड फायर जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है, इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए, मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है, सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं, महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## जनता की भी तो सुनो बालेन सरकार...





यशोदा श्रीवास्तव

इसमें दो राय नहीं कि नेपाल की बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। वेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ जीत मिली है जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है। जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। बता दें कि काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय पर नेपाली कांग्रेस की ओर से आई प्रतिक्रिया में कहा गया है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारे सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे,बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है। काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुम्बासी बस्ती पर सरकारी बुलडोजर चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है। नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकम्बासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं।बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

## शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल




आजकल के बच्चे हरी सब्जियां खाना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। हरी सब्जियों को घास-फूस समझते हैं, लेकिन यह लोग नहीं जानते कि इनमें प्रोटीन का खजाना छिपा है, जो शरीर को ताकत देती है। ऐसे ही सहजन पेड़ के पत्ते होते हैं। इन्हें मोरिंगा के पत्ते भी कहा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक इनके अंदर दूध, दही, पनीर से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। वहीं, इनमें कैल्शियम की कमी पूरी की जा सकती है। चलिए आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।

**हस्ट-पुष्ट होगी बॉडी**

मोरिंगा के पत्तों में दूध, दही और अंडे से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। मोरिंगा के पत्तों को पाउडर बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है। इसे आप सलाद, अंडे, पास्ता के ऊपर छिड़कर खा सकते हैं। इसे सूप, डिप्स बनाकर खा सकते हैं। इसे जूस, नारियल पानी, स्मूदी, आइसक्रीम में मिलाकर खा सकते हैं।

**10 गुना प्रोटीन और 20 गुना कैल्शियम का सोर्स मोरिंगा**

शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन डाइट का विकल्प बहुत ही कम मिलता है। शाकाहारी लोगों के लिए दूध प्रोटीन का मुख्य सोर्स होता है। यूएसडीए के मुताबिक 100 ग्राम दूध 3.28 ग्राम प्रोटीन देता है। हालांकि, यूएसडीए के मुताबित 100 ग्राम मोरिंगा पाउडर से 33 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन मिलता है। बता दें कि, इतना पोषण तो अंडा में भी नहीं मिलता। हड्डियों को मजबूत करने में मोरिंगा पाउडर अधिक बलशाली है। जहां दूध से करीब 123 उह कैल्शियम मिलता है, वहीं इतनी ही मात्रा में मोरिंगा पाउडर 2667 mg कैल्शियम देता है।

**आंखों के लिए फायदेमंद**

मोरिंगा पाउडर आपकी आंखों और इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकता है, क्योंकि इसमें विटामिन यह की भरमार होती है। जो आपकी नजर और इम्यूनिटी को तेज करने में मदद करता है।

**शुगर लेवल को कंट्रोल करता है**

डायबिटीज रोगियों के लिए यह चूर्ण रामबाण इलाज बन सकता है। यह ब्लड शुगर कम करने वाले गुणों की वजह से डॉक्टर इसका ज्यादा सेवन करने से मना करते हैं। क्योंकि यह ब्लड ग्लूकोज को बहुत ज्यादा भी गिरा सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल से राहत दिलाता**

गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मोरिंगा लीव्स काफी फायदेमंद है। नसों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल पर प्रेशर बढ़ जाता है। यह दिल का दौरा का कारण भी बन सकता है।

## हर मौसम के लिए नहीं है कॉफी, गर्मी में हो सकता है नुकसान

गर्मियों में थोड़ी देर के लिए भी घर से बाहर जाने से शरीर की एनर्जी कम होने लगती है। भीषण गर्मी और धूप से बचाव करने के लिए हमें अपनी डाइट का सही ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। साथ ही ऐसे खाने से दूरी बनानी चाहिए, जो गर्मियों में आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाए। ऐसा ही एक फूड आइटम कॉफी है। हर व्यक्ति रोजाना दिन में एक-दो कप कॉफी पी लेता है। वहीं भीषण गर्मी में भी लोग ऑफिस आदि में कॉफी पीते हैं। भले ही एक कप कॉफी काम में एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हो, लेकिन इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। क्योंकि गर्मियों में हमारे शरीर का तापमान बढ़ा होता है, ऐसे में आपको अपने शरीर को ठंडक पहुंचाने की जरूरत होती है। लेकिन कॉफी शरीर को ठंडा करने में मदद नहीं करती है। कॉफी में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। वहीं अगर आप कॉफी का अधिक सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर का टेंपरेचर बढ़ सकता है और पसीने की मात्रा बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्मियों में डिहाइड्रेशन होना एक आम परेशानी है, ऐसे में आप कॉफी की जगह पानी पीते रहें। इससे आपका शरीर भी ठंडा रहेगा। कॉफी में मौजूद कैफीन आपके शरीर के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर सकती है। जो गर्मी में आपके लिए असहनीय हो सकता है। शरीर का तापमान बढ़ने से पसीना अधिक आ सकता है।

# अल-कायदा ने भी पाक के खिलाफ छेड़ी लड़ाई

## ईरान व अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा है। दरअसल खुफिया रिपोर्ट में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा, पाकिस्तान में अशांति भड़काना चाहता है और उसने इसकी कोशिशें भी शुरू कर दी हैं।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अल-कायदा को लेकर यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब पहले से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अल कायदा, अफगान तालिबान के समर्थन में ही पाकिस्तान के खिलाफ हुआ है। खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अल-कायदा की मीडिया इकाई ने पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। अल कायदा का मानना है कि पाकिस्तान सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। अल-कायदा ने पाकिस्तान सेना और अफगानिस्तान में उसकी



■ पाक सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं: अल कायदा

भूमिका की आलोचना करते हुए अपने समर्थकों से पाकिस्तान में शासन के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया है। एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम अपेक्षित था। पाकिस्तान न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, बल्कि वह अल-कायदा के प्रतिद्वंद्वी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को भी बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसकेपी ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मोर्चा संभाला है। हालांकि पहले आईएसकेपी पाकिस्तान के खिलाफ बोलता रहा है, लेकिन अब वह उसका सहयोगी बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईएसकेपी का मुख्य लक्ष्य तालिबान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करना है। तालिबान के कमजोर होने से आईएसकेपी को अफगानिस्तान में विस्तार का मौका मिल सकता है। हालांकि अब तक अफगान तालिबान ने आईएसकेपी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। वर्तमान हालात में अल-कायदा को लगता है कि वह पाकिस्तान में जनभावनाओं का फायदा उठाकर आंतरिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोग सरकार और खासकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हैं, लेकिन सेना की सख्ती के कारण उनकी आवाज दबा दी गई है। अल-कायदा इन्हीं भावनाओं को भुनाने की कोशिश कर रहा है।

## ईरान में इंटरनेट बैन से ऑनलाइन अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर

**तेहरान।** ईरान की लगभग नौ करोड़ की आबादी पिछले दो महीनों से इंटरनेट पर भारी पाबंदियों का सामना कर रही है। यह 'ब्लैकआउट' दुनिया के सबसे लंबे और सख्त प्रतिबंधों में से एक बन गया है, जिसने देश की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर दिया है। इंटरनेट बंद होने का सबसे बुरा असर छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ा है। फैशन, फिटनेस, विज्ञापन और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबारियों की आय पूरी तरह खत्म हो गई है। गौरतलब है कि ईरान की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था ने लंबे समय तक सरकारी पाबंदियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद खुद को संभाले रखा था लेकिन अब यह चरमरा गई है। अमेरिका और इजरायल के साथ हुए अस्थिर और नाजुक समझौते के बावजूद, ईरान के शासकों ने इंटरनेट सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया है।



बीकानेर। राजस्थान में गर्मी के दिनों में मिट्टी के बर्तनों को बिक्री के लिए सजाता विक्रता।

## आंग सान सू की को जेल से घर नजरबंद किया, सजा में भी कटौती

**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। सरकारी मीडिया ने आधिकारिक बयानों के हवाले से बताया कि कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एर्दोगन और रूसी राजदूत ने तुर्की-रूस सहयोग पर चर्चा की

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को रूसी राजदूत सर्गेई वर्शिनिन से मुलाकात की और रूस और तुर्की के बीच सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी तुर्की में रूसी दूतावास ने गुरुवार को दी। दूतावास ने टेलीग्राम पर कहा कि एर्दोगन ने वर्शिनिन को तुर्की में रूसी राजदूत के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी और उनके काम में सफलता की कामना की। बातचीत के दौरान, रूस-तुर्की सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की गई और रूस तथा तुर्की के लोगों की समृद्धि और कल्याण के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को मजबूत करने के प्रति रूस और तुर्की की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

### एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती (वैसाख दिवस) के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष वैसाख का यह अवसर ऐसे समय में आया है जब दुनिया भू-राजनीतिक तनावों, विभाजन और संघर्षों से जूझ रही है।

### अमेरिका के स्कूल में हुए चाकू हमले में पांच लोग घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के टैकोमा शहर के एक स्कूल में चाकू से हुए हमले में चार स्कूली बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी एबीसी प्रसारक ने स्थानीय पुलिस के हवाले से दी। घायलों की सूची में एक सुरक्षा गार्ड और हमलावर भी शामिल है, जिसे हिरासत लिया गया है। पुलिस के अनुसार, हमलावर उसी स्कूल में पढ़ता है लेकिन हमले के कारण का अभी पता नहीं चला है। जांच जारी है।

# होर्मुज में 90% घटी जहाजों की आवाजाही

## गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद दर्ज हुई

**लंदन/दुबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के आकलन के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है। यह गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद हुई है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने 1 मार्च से 27 अप्रैल के बीच 40 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले, क्षति, उत्पीड़न और बाल-बाल बचने की घटनाएं शामिल हैं। निगरानी टीम ने बताया कि कम से कम 26 घटनाओं में व्यापारिक जहाजों पर सीधे हमले हुए। तनाव बढ़ने से पहले, 28 फरवरी को, प्रतिदिन करीब 130 जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे। अब यह संख्या प्रतिदिन 10 से भी कम जहाजों पर आ गई है।

इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में से एक लगभग ठप हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा शिपिंग का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष के कारण इसमें बड़ी बाधाएं आई हैं। यूकेएमटीओ के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थिति के कारण खाड़ी के अंदर 850 से 870 बड़े व्यापारिक जहाज फंसे हुए हैं।



■ शांति के प्रयासों को झटका यूएई बोला: होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर नहीं किया जा सकता है भरोसा

सुरक्षा जोखिमों के कारण वे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यूकेएमटीओ के संचालन प्रमुख कमांडर जो ब्लैक ने कहा कि उनकी पहली चिंता नाविकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि करीब 20000 नाविक ऐसे जहाजों पर हैं जो कहीं नहीं जा रहे हैं। चालक दल में बदलाव नहीं हो रहा है और आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कमांडर जो ब्लैक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चिंताएं बढ़ेंगी। यूकेएमटीओ लाल सागर, खाड़ी क्षेत्र और उत्तरी हिंद महासागर में जहाजों के लिए एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित कर सकता है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। कई बार शांति वार्ता और बैठकें भी हुई हैं, जिनका कोई खास असर नहीं देखने को मिला है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान ईरान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में गहरे अविश्वास का संकेत है। संघर्ष के दो महीने बाद भी यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग ईरानी नाकाबंदी के कारण बंद है। अमेरिकी नौसेना ईरानी कच्चे तेल के निर्यात को रोक रही है। इस नाकाबंदी ने दुनिया की 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति बाधित की है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ी हैं। बता दें कि, 8 अप्रैल से अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन नए सैन्य हमलों की खबरों से तेल की कीमतें बढ़ीं। ईरान ने हवाई सुरक्षा सक्रिय की है और हमले की स्थिति में व्यापक प्रतिक्रिया की योजना बनाई है।

### ईरानी सीमाओं की घरोबंदी भौगोलिक रूप से असंभवः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को भौगोलिक रूप से असंभव बताते हुए इसे चुनौती किया। उन्होंने कहा कि ईरान की सीमाओं का विशाल आकार किसी भी देश के लिए उसे पूरी तरह बंद करना असंभव है। कालीबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ईरान के भूगोल की तुलना करते हुए सुझाव दिया कि यदि अमेरिका में दो लंबी दीवारें बनाई जाएं, एक न्यूयॉर्क शहर से पश्चिमी तट तक और दूसरी लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक, तो भी उनकी कुल लंबाई ईरान की सीमाओं के बराबर नहीं होगी। उन्होंने लिखा कि यदि आप न्यूयॉर्क से पश्चिमी तट तक और लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक दो दीवारें बनाते हैं, तो उनकी कुल लंबाई 7755 किलोमीटर होगी, जो ईरान की कुल सीमाओं से लगभग 1000 किलोमीटर कम है। इतनी बड़ी सीमाओं वाले देश की घेराबंदी करने के लिए आपको शुभकामनाएं। कालीबाफ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के लिए एक विशेष नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने दूरी मापने की इकाई समझाते हुए कहा, पीएस पीट हेगसेथ के लिए-1 किलोमीटर =0.62 मील। ईरान की धरती और समुद्री सीमाएं 8,700 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं।

# अमेरिकी संसद चीन निर्मित एआई मॉडलों की कर रही जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर-गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी

■ चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही

खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में 'एनीस्फीयर' और 'एयरबीएनबी' जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

# बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू करने की अपील की

**स्ट्रासबर्ग/ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। सांसदों का कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा या बल प्रयोग को ही आधार न माना जाए, बल्कि 'सहमति' के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए। संसद में भारी बहुमत से पास हुई इस रिपोर्ट में मांग की गई है कि सभी सदस्य देश अपने पुराने कानूनों को बदलें।

सांसदों ने साफ कर दिया है कि सहमति का मतलब केवल 'हां' होना चाहिए। अगर कोई महिला चुप है, विरोध नहीं कर पा रही है या उसने साफ तौर पर 'ना' नहीं कहा है, तो इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उसकी सहमति थी। यहां तक कि पुराने रिश्तों या पहले दी

■ पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले: संसद

गई किसी सहमति को भी मौजूदा मामले में आधार नहीं बनाया जा सकता। सांसदों का तर्क है कि कई बार डर, नशे, बेहोशी या किसी मजबूरी की वजह से पीड़ित विरोध करने की स्थिति में नहीं होता। कभी-कभी सदमे की वजह से शरीर सुन्न पड़ जाता है, जिसे कानून और अदालतों को समझना होगा। संसद चाहती है कि पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले। इसके लिए हर वक्त खुले रहने वाले सहायता बनाने की बात भी कही गई है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस, जज और वकीलों को खास ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं।

# अफगानिस्तान सीमा के पास 13 दहशतगर्द ढेर

## पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा में की कार्रवाई

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कम से कम 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने शुक्रवार को दी। अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बताया कि फितना-अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकवादी 28 और 29 अप्रैल को मोहम्मंद और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में मारे गए। फितना अल-ख्वारिज एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करने के लिए करती है। मोहम्मंद जिले में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के रास्ते घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिजों के एक समूह की गतिविधियों का पता लगाया। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने समूह के साथ प्रभावी ढंग से मुठभेड़ की और आठ ख्वारिज



मारे गए। एक अन्य मुठभेड़ में, सैनिकों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास ख्वारिजों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के एक और प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया और भीषण गोलीबारी के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। दरअसल, क्षेत्र में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय कार्य योजना पर संघीय सर्वोच्च समिति की ओर से अनुमोदित अज्म-ए-इस्तेहकाम की दृष्टि के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा। बयान में आगे कहा गया है, अफगान तालिबान शासन को अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। इसके साथ ही ख्वारिज की ओर से अफगान भूमि के उपयोग और पाकिस्तान के अंदर आतंकवाद में अपने नागरिकों की संलिप्तता को रोकना चाहिए। रिकॉर्ड संख्या में आतंकवादियों की मौत के बावजूद पाकिस्तान में 2025 में आतंकवादी हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई, जिसमें आतंकवादी हमलों में 34 प्रतिशत और आतंकवाद से संबंधित मौतों में साल दर साल 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह जानकारी इस्लामाबाद स्थित पाक इंस्टीटयूट फार पीस स्टडीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में दी गई है। पिछले एक साल में विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है।

## बालेन्द्र शाह ने दी देशवासियों को बुद्ध जयंती की बंधाई


**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर विश्व शांति की कामना करते हुए कहा है कि सच्ची क्रांति 'क' से नहीं, बल्कि 'ज्ञ' यानी 'ज्ञान' से शुरू होती है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में भगवान बुद्ध के उपदेशों को उद्धृत करते हुए लिखा कि बुद्ध ने कहा था कि दुख है, दुख का कारण है, दुख का निवारण है और दुख निवारण का मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि बुद्ध द्वारा दिखाया गया रास्ता वास्तव में दुख के निवारण का मार्ग है। नेपाली प्रधानमंत्री ने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अंधेरा केवल प्रकाश का अभाव है।

# एपस्टीन ने मरने से पहले लिखा था सुसाइड नोट

## 7 साल से अदालत में सील, जांच एजेंसियों को भी नहीं मिला ये अहम सबूत

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मरने से पहले उसके सुसाइड नोट लिखने का दावा किया गया है। यह कथित सुसाइड नोट पिछले करीब 7 साल से न्यूयार्क की अदालत में सील है। इस वजह से इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक एपस्टीन की मौत की जांच कर रही एजेंसियों को भी यह अहम सबूत नहीं मिला। अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट जुलाई 2019 में एपस्टीन के साथी कैदी निकोलस टारटाग्लियोने को मिला था। उस समय एपस्टीन जेल में बेहोश हालत में मिला था और उसकी गर्दन पर कपड़ा बंधा हुआ था। उस घटना में उनकी जान बच गई थी।



■ अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था

लेकिन कुछ हफ्तों बाद जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे मेडिकल अधिकारियों ने आत्महत्या बताया। टारटाग्लियोने के मुताबिक, इस नोट में लिखा था कि जांच एजेंसियों ने महीनों तक एपस्टीन की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। नोट में यह भी लिखा था, आप मुझसे क्या चाहते हैं, क्या मैं रोऊं? अब अलविदा कहने का समय है। हालांकि, अमेरिकी जस्टिस डिपोर्टमेंट का कहना है कि उनके पास यह नोट नहीं है, इसलिए वे इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट बाद में टारटाग्लियोने के अपने आपराधिक केस का हिस्सा बन गया और एक फेडरल जज ने इसे सील कर दिया। इसी वजह से एपस्टीन की मौत की जांच करने वालों को यह अहम सबूत नहीं मिल पाया। न्यूयार्क टाइम्स ने हाल ही में अदालत से इस नोट को सार्वजनिक करने की मांग की है। इसी बीच, रिकॉर्ड में मौजूद दो पेज की टाइमलाइन बताती है कि टारटाग्लियोने के वकीलों ने इस नोट को असली बताया, लेकिन कैसे, यह साफ नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ने कहा कि एपस्टीन केस से जुड़े सभी दस्तावेज जुटाने के लिए एजेंसी ने काफी कोशिश की, जिसमें जेल ब्यूरो और इंस्पेक्टर जनरल आफिस के रिकॉर्ड भी शामिल थे।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)